हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 6 मई 2025



# सालभर से करोड़ों रुपए का भुगतान अटका, पीडब्ल्यूडी ठेकेदारों ने किया आंदोलन का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

सरकारी भवनों की मरम्मत करने वाले पीडब्ल्यूडी के ठेकेदारों की माली हालत खराब हो गई है। पिछले एक साल से फूटी कौड़ी का भुगतान नहीं होने से छोटे ठेकेदार अब न तो टेंडर में भाग ले रहे हैं और न ही वे कोई काम कर पा रहे हैं। करीब तीन करोड़ रुपए का भुगतान अटकने से नाराज ठेकेदारों ने अब आंदोलन का ऐलान किया है। ठेकेदारों का कहना है कि काम कराने के बाद भी अफसर जानबूझकर उनका पेमेंट जारी नहीं कर रहे हैं।

लोक निर्माण विभाग में एआर के तहत होने वाले सरकारी भवन की मरम्मत का काम करने वाले छोटे ठेकेदार पिछले एक साल से अपने बकाया भुगतान के लिए पीडब्ल्यूडी के चक्कर काट रहे हैं। बताया जाता है कि डेढ़ दर्जन से ज्यादा छोटे ठेकेदारों का राजनांदगांव डिवीजन में करीब तीन करोड़ रुपए का भुगतान अटका हुआ है। ठेकेदारों का कहना है कि कई बार उन्होंने विभाग के अधिकारियों से पेमेट रिलीज करने का आग्रह किया था, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। यही कारण है कि ठेकेदारों के एक प्रतिनिधि मंडल ने आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर अपनी पीड़ा व्यक्त की है। ठेकेदारों का कहना है कि यदि भुगतान नहीं किया गया तो वे शीघ्र ही धरना प्रदर्शन कर आंदोलन का आगाज करेंगे। इसकी तैयारी भी शुरू हो चुकी है।

## राजनांदगांव के साथ ही केसीजी और एएमसी जिले के पीडब्ल्यूडी ठेकेदारों की भी यही स्थिति

### तीनों जिलों में यही हाल

राजनांदगांव के अलावा खैरागढ़-छुईखदान- गंडई और मोहला-मानपुर- चौकी जिले के पीडब्ल्यूडी ठेकेदारों की भी यही स्थिति है। वहां भी करीब पांच करोड़ रुपए से ज्यादा का भुगतान अटका हुआ है। यही कारण है कि तीनों जिलों के ठेकेदारों ने अब आंदोलन की रणनीति तैयार की है। ठेकेदारों ने अल्टीमेटम भी दे दिया है।



### शासन से नहीं आया अलार्टमेंट

राजय शासन से बिल्डिंग एआर मद की राशि नहीं मिली है। जिसके कारण ठेकेदारों को भुगतान नहीं हो पाया है।

- सुनील कुमार चौरसिया
ईई पीडब्ल्यूडी

### दूसरे मद में खर्च कर दी राशि

राज्य शासन ने पिछले साल बिल्डिंग एआर मद में पूरे प्रदेश के लिए ढाई सौ करोड़ रुपए की राशि जारी की थी, लेकिन राजधानी के शीर्ष अफसरों ने इस राशि में हेरफेर कर ईएडएम में इसे खर्च कर दिया। बताया जाता है कि मद परिवर्तन कर करोड़ों रुपए की राशि का व्यारा-न्यारा किए जाने के मामले में शासन ने जांच के आदेश भी जारी किए हैं। जिसके चलते राज्य के छोटे ठेकेदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## बांस तोड़ने जंगल जाते थे दोस्त, घटना के बाद आरोपी फरार

# सुबह ना उठने को लेकर विवाद पर डंडे से हमला, दोस्त ने ही कर दी युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़/राजनांदगांव

डोंगरगढ़ शहर के कंडरापारा इलाके में रविवार रात चार दोस्तों के बीच बांस तोड़ने के लिए जाने सुबह ना उठने को लेकर पनपा विवाद खूनी खेल में बदल गया। अपने दोस्तों की बातों से आक्रोशित होकर आरोपी ने अपने ही दोस्तों पर डंडे से वार कर दिया। जिसमें सिर पर गंभीर चोंट आने से एक ही मौत हो गई। मामले के बाद आरोपी पुलिस से बचने के लिए इलाके में स्थित जंगल की ओर भाग गया। हालांकि उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम भी खोजबीन में जुटी हुई है।

⏩ शेष पेज 14 पर

### दो दोस्तों पर किया वार

बताया गया कि विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी सतीश ने अपने घर में रखे डंडे को लेकर अपने दोस्तों पर वार शुरू कर दिया। उसने पहले मृतक संजय की गर्दन पर वार किया। जिससे उसे गंभीर चोंट आई और वह जमीन पर गिर गया। इसके बाद उसने प्रार्थी मिथुन यादव के पैर पर डंडे से वार कर दिया। जिससे उसके पैर में सूजन भी आई। हालांकि इस बीच मौके पर भीड़ बढ़ता देख आरोपी वहां से भाग निकला।



**शराब का अवैध कारोबार बड़ी वजह :** लगातार डोंगरगढ़ में हो रहे हादसे के पीछे शराब मुख्य वजह बनकर सामने आई है। डोंगरगढ़ में अवैध शराब बिक्री होने से युवाओं के हाथ में आसानी से नशा पहुंच रहा है, जो कि अपराधों की बड़ी वजह बनता जा रहा है। कंडरापारा की यह ताजा घटना इसी नशे के दुष्परिणाम की एक और मिसाल है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। सभी एंगल से छानबीन की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### जंगल में आरोपी को ढूंढ रही पुलिस

घटना के बाद पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए आरोपी सतीश डोंगरगढ़ इलाके में स्थित जंगल के बीच भाग गया। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस की भी टीमें उसकी खोजबीन में जंगल तलाश रही है। बताया गया कि सूत्रों से भी संपर्क कर सतीश की लोकेशन का पता लगाया जा रहा है। ज्ञात हो कि पिछले एक सप्ताह के भीतर डोंगरगढ़ में दूसरी हत्या की वारदात होने से सनसनी मची हुई है।

## ड्रोन के सहारे तेंदुआ का लोकेशन ढूंढ रहा वन विभाग

# गुफा में दिनभर आराम के बाद शाम को शिकार करने निकल रहा तेंदुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत अछोली से लगे आईटीआई कॉलेज एवं सिविल कॉलोनी के पास स्थित सुदर्शनगिरी पहाड़ी पर पिछले 4 दिनों से तेंदुआ के बने होने से दहशत का माहौल निर्मित है।

दो दिन पहले तेंदुआ को पहली बार देखे जाने के बाद से ही वन विभाग की टीम उसे पकड़ने की जुगत में लग गई है। हालांकि अब तक तेंदुआ को पकड़ा नहीं जा सका है। बताया गया कि तेंदुआ वहीं स्थित एक गुफा में छुपा हुआ है। वन विभाग ड्रोन कैमरे के सहारे तेंदुआ का लोकेशन पता लगाने जुटा हुआ है। तेंदुआ रात के समय शिकार करने के लिए बाहर निकल रहा है। शिकार करने के बाद वह वापस गुफा में चला जा रहा है।



जिसकी वजह से उसे पकड़ने में विभागीय टीम को दिक्कतें आ रही है।

तेन्दुआ के इलाके में बने होने से जहां ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वहीं इलाके के आसपास के क्षेत्र से कुत्ते भी तेजी से गायब हो चुके हैं। बताया गया कि तेंदुआ ने बीती रात एक कुत्ते का शिकार कर

⏩ शेष पेज 14 पर

### शाम को शिकार के लिए निकल रहा

जानकारों का मानना है कि प्राचीन सुदर्शन गिरी में अंदर कई गहरी गुफाएं है। इनमें से ही किसी एक में तेंदुआ ने अपना ठिकाना बना रखा है। दिनभर आराम करने के बाद तेंदुआ रात के अंधेरे में कुत्तों का शिकार कर रहा है। यही कारण है कि शाम के वक्त ही तेंदुआ को पहाड़ी में देखा जाता है। इधर सुदर्शन गिरी के अध्यक्ष तरुण हथेल ने सुदर्शन गिरी में आने वाले दर्शनार्थियों से पहाड़ी में ना आने की अपील की है। वहीं शासकीय अस्पताल से बगदई पारा तक कई विभागीय कार्यालय, स्कूल-कॉलेज एवं सिविल कॉलोनी के लोगों को भी सतर्कता से रहने की हिदायत दी गई है।

# चिल्हाटी थाना के रिश्वत कांड मामले में प्रभारी और प्रधान आरक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

- आईजी ने दिए निलंबन करने के निर्देश
- कार्रवाई से मची खलबली

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के चिल्हाटी थाना प्रभारी रविशंकर डहरिया को महाराष्ट्र के एक फौजी परिवार के साथ कथित ज्यादती करने के साथ-साथ रिश्वत लेने के मामले में आईजी अभिषेक शांडिल्य के निर्देश पर एसपी वाईपी सिंह ने निलंबित कर दिया है। वहीं पीड़ितों पर मामला दबाने को लेकर दबाव बनाने वाले प्रधान आरक्षक राजेश्वर बोगा को भी निलंबित कर दिया गया है।

अंबागढ़ चौकी विकासखंड के चिल्हाटी थाना प्रभारी पर आरोप है कि महाराष्ट्र का रहने वाले फौजी परिवार को कथित मवेशी तस्करी की आशंका पर रातभर थाना में बिठाकर सुबह गरीब किसान, बैल मालिक, पिकअप वाहन मालिक एवं कारगिल युद्ध लड़े फौजी के बड़े भाई से एक लाख से ऊपर की रिश्वत ली गई। आईजी ने मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद एसपी को सीधे थाना प्रभारी और मामले में लिप्त खाकी को शर्मसार करने वाले लोगों पर निलंबन की कार्रवाई करने का आदेश दिया है। एसडीओपी नेहा पवार को थाना प्रभारी के खिलाफ लगे आरोपों की जांच का भी जिम्मा सौंपा गया है। मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रशाह मंडावी ने पत्रकारों से बातचीत करते कहा कि थाना प्रभारी रविशंकर डहरिया के खिलाफ कई मामले सामने आते रहे हैं, परंतु विभागीय अफसरों के

⏩ शेष पेज 14 पर




### असामाजिक गतिविधियों को समर्थन

रिश्वतकांड उजागर होने से पहले बीते सप्ताह चिल्हाटी के सैकड़ों महिला-पुरूष, युवा व ग्रामीणों ने गांव में बिक रहे अवैध शराब के खिलाफ लामबंद होते हुए चिल्हाटी थाना का घेराव करते बताया कि थाना प्रभारी रविशंकर डहरिया के संरक्षण में क्षेत्र के भीतर असामाजिक गतिविधियां बड़े पैमाने पर संचालित हो रही है।

### दिए हैं आदेश

थाना प्रभारी रविशंकर डहरिया, प्रधान आरक्षक राजेश्वर बोगा को निलंबित करने का एसपी को निर्देश दिया गया है।

- **अभिषेक शांडिल्य,** आईजी राजनांदगांव रेंज

# कांकेतरा में जुआ की सज रही फड़, तीन जिलों से जुट रहे कई जुआरी

**राजनांदगांव।** शहर से महज दस किलोमीटर दूर स्थित कांकेतरा ग्राम पिछले कुछ दिनों से जुआरियों का अड्डा बन गया है। गांव के एक युवक के साथ मिलकर तीन लोग फड़ का संचालन कर रहे हैं। खास बात यह है कि इसमें राजनांदगांव



सहित तीन जिलों से जुआरी पहुंच रहे हैं। इस फड़ में ही पिछले दिनों दो लोगों के बीच विवाद की भी खबरें सामने आई थी, लेकिन इसके बावजूद पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। ग्रामीणों में भी इस फड़ को लेकर नाराजगी देखने को मिल रही है।









## खबर संक्षेप

### हत्या के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

**डोंगरगढ़।** अछोली में विगत दिनों 28 वर्षीय भीम नेताम पिता सामसिंग नेताम निवासी पुराना अछोली की आटो की लाइट चेहरे पर पड़ने को लेकर विवाद होने के बाद आरोपी राहुल वर्मा, भास्कर वर्मा, शिवम यादव ने उसके सीने एवं पेट में चाकू मारकर हत्या कर दिया था। घटना के विरोध में पुरानी बस्ती के गोकुल गौठान में भीम नेताम के माता पिता के साथ सरपंच नंदकुमार साहू, पुखराज साहू, रुपेश वर्मा, मूलचंद साहू, खेमचंद सहारे, सुप्रिया रानी गुप्ता, खिलेश्वरी साहू, मुन्ना यादव, ज्योति नेताम, पारख साहू, पुनीता साहू, पुर्णिमा साहू, भंवरसिंग, सूर्या मानिकपुरी, भागचंद वर्मा, खुशबु साहू, ईश्वरी साहू, मोहनीश साहू, वंदना उईके, जीना सांदेकर ने कैंडल मार्च निकालकर मामले की जांच करने की मांग किया।

### सानिया ने संस्कृत में जीता गोल्ड मेडल



**डोंगरगढ़।** अंग्रेजी, विज्ञान और गणित सहित विभिन्न विषयों में अपनी प्रतिभा का परिचय देने के बाद पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के विद्यार्थियों ने देवभाषा संस्कृत में अपनी मजबूत पकड़ का परिचय दिया है। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय संस्कृत ओलंपियाड में दसवीं की छात्रा सानिया सोनकर ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में 9वी एवं 10वीं के 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। विद्यालय के प्राचार्य वाय एस राव ने टॉपर विद्यार्थी को प्रशस्ति पत्र एवं गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया।

### उपलब्धि का थोथा प्रचार कर रहे मंत्री: हर्षिता

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी



बघेल ने अधोसंरचना मद से स्वीकृत राशि को अपनी उपलब्धि बताकर विधायक और मंत्री अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना मद विधायक मंत्री के भरोसे नहीं है। पालिका, नगर पंचायत जिला या जनपद की मूलभूत आवश्यकता को देखते हुए राशि अंबाटित किया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि डोंगरगढ़ के टॉउन प्लानिंग को लेकर सरकार के पास कोई खाका तैयार नहीं है जबकि शहर को एक उपयुक्त गार्डन की आवश्यकता है जिसकी योजना नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। सरकार अवैध प्लाटिंग रोकने में असमर्थ नजर आ रही है। नगर में नशीले पदार्थ एवं शराब के अवैध कारोबार पर प्रशासन अंकुश लगाने में नाकाम नजर आ रहा है।

### बिना चालक चलने लगा ट्रक, दुर्घटना टली



**बांधा बाजार।** दुकानों के बंद होने के कारण एक हादसा टल गया। हुआ यह था कि ट्रक का हैंडब्रेक लगाकर चालक चाय पीने गया था। ट्रक ढलान में उतरने लगा कुछ दूर बाद रुक गया। भीड़ भाड़ वाले इस इलाके की दुकानें बंद होने के कारण दुर्घटना टल गई।

### प्रवेश के लिए लाटरी निकलेगी 8 को

**डोंगरगांव।** स्थानीय पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 5 मई 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आवेदन प्रक्रिया के बाद लॉटरी आगामी 8 मई को सुबह 9 बजे से निकाला जाएगा। पात्र, अपात्र सूची विद्यालय सूचना पटल पर चस्पा कर दिया गया है। जिन पालकों को दावा आपत्ति करना है, वह 6 तथा 7 मई को कार्यालयीन अवधि में दावा आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

---

### मंडीप खोल गुफा में उमड़े लोग, साल में खुलती है एक बार

# गुफा खुली, सालभर इंतजार के बाद लोगों ने किया शिव दर्शन

### अंदर के अद्भुत नजारे को करीब से देखा लोगों ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

प्राचीन परंपरा अनुसार सोमवार को ऐतिहासिक मंडीपखोल गुफा को लोगों के लिए खोला गया। विशाल जनसमुह ने अक्षय तृतीया के बाद आए पहले सोमवार को मंडीपखोल गुफा का मनोरम दृश्य देखा। प्रशासन एवं मंडीप खोल सेवा समिति ने यहां आने वाले लोगों को हर संभव सुविधा मुहैया कराने का प्रयास किया था जिसके चलते लगभग डेढ़ लाख लोगों ने बिना किसी दिक्कत के मंडीप खोल गुफा का दर्शन किया।

जंगल, पहाड़ के रोमांचक सफर को तय कर लोग गुफा के द्वार पहुंचे। परंपरानुसार ठाकुरटोला राज परिवार ने पूजा अर्चना कर गुफा का द्वार आम लोगों के लिए खोला गया। राज परिवार, मंडीप खोल समिति के सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों ने गुफा के अंदर स्थित शिव प्रतिमा की विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना किया। गुफा के अंदर का अदभुत नजारा देखने क्षेत्र सहित अन्य जिले के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे थे। गुफा के अंदर कुछ दूरी तक रौशनी की व्यवस्था किया गया था। इसके आगे लोगों ने स्वयं की व्यवस्था से गुफा अंदर जाकर नजारा को देखा और आनंद लिया।



#### विकास की उम्मीद

डेढ़ दशक पहले पुरातत्व विभाग की टीम ने गुफा का मुआयना कर लंबाई नापने का प्रयास किया था। यह प्रयास अधुरा रहा किन्तु यह बात निश्चित हो गई कि यह गुफा भारत की पहली एवं एशिया का दूसरी सबसे लंबी गुफा है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बीते दिवस मंडीप खोल गुफा पहुंच कर प्राकृतिक धरोहर को देखा। उन्होंने इस स्थान को पर्यटन क्षेत्र के आधार पर सुविधा मुहैय्या कराने तथा विकास कराने की बात कही है।

#### लोगों ने किया आस्था प्रकट

एक दिन के लिए खुली मंडीप खोल गुफा को देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। एक नदी को अलग अलग जगह सोलह बार पार कर लोग यहां तक पहुंचे और शिवलिंग का दर्शन एवं पूजन किया। इसके साथ ही गुफा में स्थित अन्य प्रतिमा, उकेरे गए चित्र, अचरज करने एवं टिमटिमाते पत्थरो को देखा और गुफा के रहस्य को समझने का प्रयास किया।

#### अब सालभर का इंतजार

शाम ढलने से पहले गुफा के अंदर गए लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। दूर दराज से पहुंचे लोगों ने अपने अनुभव साझा किया। किसी ने इसे प्राकृति का अनमोल धरोहर तो किसी ने इतिहास का नायाब तोहफा बताया। शाम को गुफा के द्वार को पुनः पत्थर लकड़ियों से ढक दिया गया। अब लोगों का गुफा देखने के लिए साल भर इंतजार करना पड़ेगा।

#### चोरड़ाधाम में प्रसादी वितरण

सोमवार को मंड़ीपखोल गुफा लोगों के के लिए दिन भर खुली रही। हजारों लोग यहां पहुंचे थे। मंडीपखोल गुफा जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए चोरडाधाम समिति ने प्रसादी की व्यवस्था किया था। लोगों ने डोंगेश्वर मंदिर पहुंच कर भगवान शिव का पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया।

#### मधुमक्खी ने किया हमला

जानकारी अनुसार समिति की मनाही के बाद भी कुछ लोगों ने पर्यावरण सुरक्षा एवं आस्था को ध्यान में न रखकर गुफा के समीप लापरवाही बरता जिसके चलते मधुमक्खीयों ने करीब आधा दर्जन लोगों पर हमला कर दिया था। प्रभावितों का पैलीमेटा स्वास्थ केन्द्र में प्राथमिक उपचार करने के बाद छुट्टी दे दिया गया।

---

## निर्माण के एक सप्ताह बाद उखड़ने लगी रोड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- चार लाख की लागत से हुआ निर्माण
- अब सुधार करने का प्रयास

पालिका के वार्ड 16 में एक सप्ताह पहले नी सीसी रोड घटिया मटेरियल के उपयोग से उखड़ने लगी है। इस सड़क के निर्माण में चूरा गिटटी रेती का इस्तेमाल ज्यादा किया गया है। पार्शद अनिश निर्मलकर ने सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाया है। जानकारी के अनुसार एक बत्ती पांच रास्ता से दंतेश्वरी मंदिर होते हुए जमात मंदिर तक लगभग 4 लाख की 150 मीटर सीसी रोड का निर्माण कराया गया है।निर्माण के दो दिन बाद ही सड़क उखडने लगी है। इंजीनियर भुवन लाल सिन्हा ने बताया कि शिकायत के बाद ठेकेदार ने सुधारने का आश्वासन दिया है। ठेकेदार हनी गुप्ता ने बताया कि सड़क निर्माण में नियमतः मटेरियल का इस्तेमाल किया गया। उपरी सतह की सीमेंट उखड़ने लगी है जिसे ठीक करा दिया जाएगा।

## शराब की बिक्री और पशु तस्करी जारी

**डोंगरगढ़।** बोरतलाव क्षेत्र में अवैध शराब, कच्ची शराब का कारोबार एवं पशुओं की तस्करी बेरोकटोक की जा रही है। वहीं शासकीय शराब दुकान से कोचियों को बड़े पैमाने पर शराब मुहैया कराया जा रहा है। इस मामले में थाना बोरतलाव की कार्य प्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य अनिता मंडावी ने इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि अवैध कारोबार की आड़ में थाना स्टॉफ द्वारा उगाही किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बोरतलाव मार्ग से बडे पैमाने पर पशुओं को बूचड़खाना भेजा जाता है।

---

## फेल हुआ जल जीवन मिशन, ग्रामीण परेशान

**डोंगरगढ़।** पानी की किल्लत दूर करने 5 सालों से संचालित जल जीवन मिशन, नल जल योजना में करोडों की स्वीकृति दी गई है किन्तु पूरी योजना का बंटाढार हो गया है। ब्लाक की 100 पंचायतों में निर्माण महज दिखावा सबित हो रहा है। जानकारी के अनुसार बाहर के ठेकेदारों को काम दिया गया जिन्होंने काम करने के बजाए पेटी ठेकेदारों को काम दे दिया और पूरी योजना कमीशन खोरी की भेंट चढ़ गई। यह योजना अब तक पूरी नहीं हो सकी है। आधे से ज्यादा निर्माण कार्य को ठेकेदार अधूरा छोड़ की चले गए है। जहां निर्माण हुआ है वहां पानी का स्त्रोत नहीं है। पानी टंकी एवं बोर के



प्लेटफार्म निर्माण में भी अनियमितता बरता गया है जिसका उदहारण ग्राम पंचायत बेलगांव, तेदुभाटा आदि में देखने मिल रहा है। जहां निर्माण पूरा भी हो गया है वहां के लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीण अब भी पानी के लिए परेशान हो रहे हैं।

## बिना अनुमति लाखों के बांस काटने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

उपवन मंडल अंतर्गत उत्तर बोरतलाव परिक्षेत्र के खुर्सीपार खुर्द में बिना अनुमति के बांस कूप काटने का मामला प्रकाश में आया है। विभागीय कूप कटाई की अनुमति खुर्सीपार कूप के 312,387 की मिली है जबकि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने कूप क्रमांक 403 में बिना अनुमति के कटाई कर लाखों के बांस की निकासी करा दिया है।

ग्रामीणों से उक्ताशय की शिकायत मिलने के बाद मौके पर पहुंची हरिभूमि टीम को मौके पर मौजूद मजदूरों ने बताया कि अधिकारियों के आदेश पर उक्त कूप की कटाई किया गया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि वनपाल, फारेस्ट गार्ड, चौकीदार एवं अन्य कर्मचारी उन्हे काम पर रखने के बजाये अपने रिश्तेदारों के नाम पर फर्जी हाजिरी भरकर आहरण कर रहे है। उन्होंने बताया कि विभाग के संरक्षण में जिन कूपों से बांस की अवैध कटाई किया जा रहा है वहां अब तक लगभग 10 लाख के बांस कटाई किया जा चुका है। वहीं आरडीएफ की राशि का बिगडे वनों को सुधारने, पहुंच मार्ग, चौकीदार एवं फायरवाउचर के नाम से भी फर्जी हाजरी लगा कर दुरूपयोग किया जा रहा है। इसी प्रकार फैसिंग के नाम पर भी जमकर गड़बड़ी किया गया है।

#### जांच की जाएगी

डीएफओ आयुष जैन ने बताया कि कुछ कूप की कटाई स्वीकृति के आधार पर हो रही है। अन्य कूप में कटाई किया जा रहा है तो छानबीन किया जाएगा। गड़बड़ी पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।



#### हरे भरे वृक्षों की कटाई

जानकारी के अनुसार विभाग के अधिकारी सरकारी कटाई की आड़ में बांस के अलावा हरे भरे वृक्षो की कटाई करने में लगे हैं। बताया जाता है कि हाल ही में डीएफओ आयुष जैन कूप कटाई के पहले गड़बड़ी को देखते हुए दो अधिकारियों को निलंबित करने का आदेश दिये थे किन्तु राजनितिक दबाव उन्हे छूट दे दी गई जो चर्चा का विषय है।

#### बिना काम के राशि का आहरण

जानकारी के अनुसार जंगलो के नाम से आने वाली राशि का बिना काम करे हाजरी भरकर गबन किया जा रहा है। वहीं जंगलो से अवैध उत्खनन करने के अलावा चौथना क्षेत्र में वन भूमि पर कब्जा करने का मामला सामने आ चुका है। इस मामले में अधिकारियों का संरक्षण होने के कारण स्थानीय अधिकारी मनमानी करने में लगे है। जानकार बताते है कि स्थानीय अधिकारी अपनी करतूत पर पर्दा डालने के बाद उच्च अधिकारियों को सौगात के रूप में फर्नीचर पहुंचा कर दे रहे है।

### समाधान शिविर आज से

**डोंगरगांव।** सुशासन तिहार के तहत ब्लाक के सात स्थानों पर कल 6 मई से समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनपद सीईओ ने बताया कि सुशासन तिहार के तहत ग्रामीणों द्वारा मांग और शिकायत के दिए गए आवेदनों के समाधान की जानकारी ग्रामीणों को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार कल 6 मई को ग्राम पंचायत विचारपुर नवांगांव, नौ मई को दीवानभेड़ी, 13 को खुर्सीपार, 16 को कोकपुर, 20 को अर्जुनी, 23 को तुमड़ीबोड़ और आगामी 26 मई को करमतरा में शिविर रखा गया है।

### जातिय जनगणना का फैसला साहसिक

**अंबागढ़ चौकी।** जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष अरुण यादव ने जनगणना में जाति गणना को शामिल करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णय को



ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से लोगों को बहुत लाभ होगा क्योंकि प्रत्येक जाति की गणना सही तरीके से दर्ज की जाएगी जिससे आरक्षण के निष्पक्ष क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त होगा। केंद्र के इस निर्णय से पिछड़ों सहित अन्य जाति के लोगों को अधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा कि सटीक आंकड़ों के अभाव में ओबीसी और अन्य समुदायों के लिए बनी कल्याणकारी नीतियों और योजनाओं का क्रियान्वयन बाधित होते रहा है जिसे दूर करने के लिए मोदी सरकार ने साहसिक कदम उठाया है। जनगणना से सामाजिक ताने-बाने को मजबूती मिलेगी। श्री यादव ने सभी राजनीतिक दलों, संगठनों, बुद्धिजीवियों एवं शिक्षाविदों से इस पहल का समर्थन करने की अपील की।

## लगा समाधान शिविर

**डोंगरगढ़।** सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए स्थानीय कृषि उपज मण्डी में समाधान



शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सभी विभागों के स्टाल लगाए गए एवं प्राप्त आवेदनों पर विचार किया गया।

शासकीय योजनाओ की जानकारी शिविर में आए लोगों को दिया गया। शिविर में प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती ने सभी विभाग प्रमुखों को योजनाओ की जानकारी जन जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। प्राप्त आवेदनों पर विचार कर निराकरण करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, मंडल अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना, राजस्व सभापति सुमित ताम्रकार, पार्षद रेखा रागोर्ते, बबिता साहू, शारदा यादव, विनय बंसल, मोनू भंडारी, विकास सहारे, ललित शर्मा आदि उपस्थित थे।

### नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का भव्य आयोजन

**हरिभूमि कवर्धा।** ग्राम उड़िया खुर्द में 1 मई से 9 मई तक नौ दिवसीय संगीतयम श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा वाचिका के रूप में पूज्या प्रज्ञा दीदी की मुखार बिंदु से ग्रामीणों व भक्तजनों को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है। वहीं आसपास क्षेत्र के ग्रामीण व भक्तजन कथा रसपान करने भारी संख्या में पहुंच रही है। जिससे ग्राम उड़िया सहित आसपास क्षेत्र में भारी भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। वहीं श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस वामन अवतार व रामचरित्र तथा श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई गई।

समक्ष- श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय,
गंडई जिला के. सी.जी. छ.ग.

-: शपथ पत्र :-

मै शपथकर्ता शिचरण कुमार वर्मा पिता महंगू राम वर्मा जाति लोधी ग्राम धोधा तहसील गंडई जिला के.सी.जी. छ.ग. का हूं जो कि निम्नांकित अभिकथन शपथपूर्वक करता हूं कि :-

1. मै उपरोक्त नाम व पते का निवासी हूँ।
2. मेरे सही, वास्तविक नाम, पिता का नाम आधार कार्ड - SHICHARAN KUMAR VERMA S/O MAHANGU RAM VERMA पेन कार्ड - SHICHARAN KUMAR VERMA S/O MAHANGU RAM VERMA मे दर्ज है लेकिन शैक्षणिक प्रमाण पत्र हाई स्कुल अंकसूची में नाम, पिता का नाम कक्षा दसवी SHICHARAN KUMAR VERMA S/O MAHGU RAM VERMA दर्ज है। अंकसूची मे पिता के नाम मे स्पेलिंग त्रुटिपूर्ण है।
3. आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में नाम पिता का नाम SHICHARAN KUMAR VERMA S/O MAHANGU RAM VERMA एवं अंकसूची में नाम पिता का नाम SHICHARAN KUMAR VERMA S/O MAHGU RAM VERMA उपरोक्तवर्णित पिता के दोनो नाम मुझ शपथकर्ता के पिता जी एक ही व्यक्ति के होने के समर्थन मे यह शपथपत्र महोदय के समक्ष सादर प्रस्तुत है।

मै पास्पोर्ट बनवाना चाहता हूं जिसमें मेरा दस्तावेज में पिता का नाम में स्पेलिंग त्रुटिपूर्ण है और उपरोक्त नाम व्यक्ति एक ही व्यक्ति पिता जी का है।

उपरोक्त कही गई समस्त कथन सत्य है असत्य होने पर संपूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी।

// सत्यापन //

मै शपथकर्ता शिचरण कुमार वर्मा पिता महंगू राम वर्मा जाति लोधी ग्राम धोधा सत्यनिष्ठा से सत्यापित करता हूँ कि कंडिका क्रमांक 01 से 05 तक की जानकारी मेरे स्वज्ञान से सत्य व सही है अतः आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया ।

सत्यापनकर्ता
शिचरण कुमार वर्मा

### हीरक जयंती पर आयोजन

# पर्यावरण संरक्षण के लिए निकाली साइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के हीरक जयंती वर्ष के मौके पर राज्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, राजेन्द्र गोलछा, कैलाश सोनी, उमेश हथेल, महेश खंडेलवाल, प्रवास कुमार सिंह बघेल, विरेंद्र कौर गरचा, मयूख श्रीवास्तव, भारती रजक, देवेंद्र अम्बादे, मुन्नालाल साहू के मार्गदर्शन में साइकिल संदेश रैली का आयोजन कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में किया गया। इस मौके पर मयूख श्रीवास्तव ने पर्यावरण सरंक्षण एवं जल संरक्षण को लेकर आयोजित साईकिल रैली पर प्रकाश डाला। संचालन देवेंद्र अम्बादे ने किया। साइकिल रैली को उमेश हथेल, महेश खंडेलवाल, राकेश भावते ने रवाना किया। रैली कन्या शाला, आत्मानंद स्कूल, नया बस स्टैंड, ओवर ब्रिज, छोटा मंदिर परिसर, रेलवे अंडर ब्रिज, जयस्तंभ चौक, गोल बाजार होते हुए पुनः कन्या शाला पहुंची। आयोजन में दविंदरसिंह भाटिया, विनोद हथेल, विजय टेम्बुरकर, राजेश कन्नौजे, गोपी वर्मा, नरेश वर्मा, सुनीता चंद्राकर, नीलिमा डोमेन, धनेश्वरी साहू, अनिमा तिर्की, नारद सिन्हा, ए अपोल एक्का, महेश रंगारी, रामलाल चंद्रवंशी, राकेश रामटेके, संतुराम साहू, सकाराम टांडिया, लेखराम वर्मा ने सहयोग दिया।

### पांचवी में जीविका प्रथम

**खुज्जी।** ज्ञान स्थली पब्लिक स्कूल खुज्जी में दीक्षांत समारोह का आयोजन कर प्राथमिक एवं माध्यमिक विभाग के परिणाम घोषित किया गया। परिणाम घोषणा के दौरान बच्चे एवं पालक मौजूद थे। कक्षा पहली में प्रथम तन्मय भंडारी, द्वितीय खुशहाली यादव, तृतीय लावण्या साहू, कक्षा द्वितीय में प्रथम शनिष्ठा, द्वितीय दीक्षा साहू, तृतीय तुषार भंडारी, तीसरी में प्रथम काव्य ठाकुर, द्वितीय युक्ति पड़ोती, तृतीय धारणा धनकर, चौथी में प्रथम भगवती पड़ोती, द्वितीय समीर साहू, तृतीय उर्वशी कमरिया, कक्षा पांचवी में जीविका देवांगन प्रथम, चंद्रेश साहू द्वितीय और तृतीय स्थान पर भावी पड़ोती रही। इसी प्रकार छठवीं में प्रथम उमेश पड़ोती, द्वितीय इशिका साहू, तृतीय ओसीका साहू, सातवीं में प्रथम वसुधा निषाद और द्वितीय स्थान धर्मेश ठाकुर ने प्राप्त किया। इस मौके पर प्रधानपाठक सोमनाथ मेश्राम, राजूगिरि गोस्वामी, अंकित यादव, कुलेश्वरी निषाद, सुनीता देवांगन, अंजली यादव, रीना साहू, सुधा देवांगन, डिंपल देवांगन, आरती साहू आदि मौजूद थे।



# रबी धान की फसल लेने से गहराया संकट, किसानों में जागरूकता लाने गांव-गांव में निकल रही नीर-नारी यात्रा

## तपती दोपहरी गांव गांव जाकर एक-एक बूंद पानी बचाने की पुकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

तेजी से घटते जलस्तर को लेकर चिंतित महिलाओं ने नीर - नारी जल यात्रा की शुरुआत की है। इस यात्रा के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। तपती दोपहरी में गांव-गांव जाकर जल की एक-एक बूंद को बचाने के लिए महिलाएं पुकार लगा रही है । इस अभियान को सफल बनाने अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। नीर और नारी जल यात्रा, जिले के हर गांव में जल और जीवन के बीच अपने परिश्रम से सेतु बना रही है।

पद्मश्री फुलबासन यादव के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान ने अब तक 50 से अधिक ग्राम पंचायतों को न केवल जागरूक किया है, बल्कि उन्हें इस संघर्ष का हिस्सा भी बनाया है।

### चौपाल लगाकर जागरूकता

पद्मश्री फुलबासन बाई यादव ने जल जागरकता के लिए जगह - जगह जनसभा का आयोजन किया । इस सभा में न केवल पानी बचाने की बात हुई, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, वैकल्पिक खेती, स्थानीय जल संरचनाओं के निर्माण और पुनरुद्धार पर भी बल दिया गया।




### जल संरक्षण को सरल भाषा में समझाया

ताकत मां बम्लेश्वरी महिला समूह, बिहान समूह, बिहान कैडर, जनप्रतिनिधियों, जिला पंचायत, और जनपद पंचायत के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से महिलाओं ने पर्कोलेशन टैंक, सोख्ता गड्ढा, नाला बंधान, पौधारोपण जैसे जल-संरक्षण के ठोस उपायों को लोगों के बीच सरल भाषा में समझाया।

### जलदूत बनी महिलाएं

एक ओर जहां तापमान 45 डिग्री को पार जा रहा है। वहीं दूसरी ओर महिलाएं तपती धूप की परवाह किए बिना दृढ़ संकल्पित होकर जल है तो जीवन है का संदेश दे रही है। महिलाओं की यह सेना बिना किसी अस्त्र-शस्त्र के सूखे से निपटने जल-संरक्षण का शस्त्र लेकर समाज के भविष्य की रक्षा में जुटी है।

### लोग ले रहे संकल्प

इस अभियान में शामिल होकर लोग जल बचाने का संकल्प भी ले रहे हैं। जिले में 'नीर और नारी जल यात्रा' अब एक आन्दोलन का रूप ले चुकी है। यह सिर्फ महिलाओं का नेतृत्व नहीं, बल्कि पूरे समाज को दिशा देने वाला एक उदाहरण है।

### फसल चक्र परिर्वतन जरूरी

जल संरक्षण का संदेश देने निकली नीर नारियों ने कहा कि रबी के मौसम में धान की खेती ने गांव का जलस्तर चूस लिया है। हमें अपनी परंपरा और भविष्य के बीच संतुलन बैठाना होगा। अब वक्त है धान से हटकर वैकल्पिक फसलों की ओर बढ़ने का। रबी में धान की खेती से काफी पानी की जरूरत पड़ती है । जिससे भू-जल की समस्या हो रही है । जल स्रोत सूख रहे हैं।

---

जिले के प्रभारी सचिव ने अधिकारियों की ली बैठक

# समस्याओं के समाधान की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत : चम्पावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिले के प्रभारी सचिव एवं सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा पुनर्वास विभाग, आयुक्त भू-अभिलेख अविनाश चम्पावत ने सुशासन तिहार 2025 के संबंध में कलेक्टारेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं प्रभारी पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह उपस्थित रहे।

जिले के प्रभारी सचिव अविनाश चम्पावत ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत सभी अधिकारियों से अपेक्षा है कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य के हित में अच्छा कार्य करें। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समस्याओं के समाधान की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में लोककल्याण के लिए शासन द्वारा कार्य किए जा रहे हैं और उनमें समय के साथ-साथ परिवर्तन आए हैं। जनसामान्य की आकांक्षाओं एवं अपेक्षाओं के अनुरूप समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत जिले में लगाए जाने वाले शिविर में जनसामान्य को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दें। उन्होंने आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड के तहत क्लेम के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस योजना का अधिक से अधिक लाभ जनसामान्य को मिलना चाहिए।

### सर्वाधिक मांग आवास

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत जिले में कुल 1 लाख 27 हजार 659 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें मांग से संबंधित 1 लाख 24 हजार 202 एवं शिकायत से संबंधित 3 हजार 357 है। इसमें कुल 84 हजार 129 आवेदनों का निराकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकांश मांगे प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना तथा पेंशन से संबंधित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत ऐसे हितग्राहियों का चिन्हांकन किया गया है, जिन्हें लक्ष्य मिलने के बाद पात्रता के अनुसार योजना का लाभ दिया जा सकेगा।




### आवश्यक निर्देश दिए

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत अच्छा कार्य करें। ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल की उपलब्धता के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिले में फसल चक्र परिवर्तन, लघु धान्य फसलों को बढ़ावा देने, सोयाबीन, मक्का, सरसों जैसे फसल के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों का आधार कार्ड से ई-केवाईसी होना आवश्यक है, ताकि शासन की योजनाओं का सतत लाभ मिलता रहे। उन्होंने सिकलसेल, ई-डिस्ट्रिक, आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र, सड़क निर्माण, जनौषधि केन्द्र, मौसमी बीमारी, पेंशन के प्रकरण, आश्रम-छात्रावास की स्थिति, स्कूलों व शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में गहन समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### शासन से लिए जा रहे नीतिगत मार्गदर्शन

कलेक्टर ने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जनसामान्य को लाभान्वित करने के साथ ही शासन से नीतिगत मार्गदर्शन लिए जा रहे हैं। उन्होंने जिले के राजस्व प्रकरणों के संबंध में जानकारी देते बताया कि स्वामित्व योजना अंतर्गत 739 अधिकार अभिलेख वितरित किए गए हैं। कलेक्टर ने नक्शा, बटांकन का कार्य एवं राजस्व प्रकरणों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने जिले के प्रमुख कार्य अंतर्गत नालंदा परिषद, अटल परिषद निर्माण, अमृत मिशन, परिक्रमा पथ के संबंध में जानकारी दी। जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह ने जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी।

---

# मितानिनों को नहीं मिली प्रोत्साहन राशि, कलेक्टर के समक्ष की मांग



**राजनांदगांव।** आयुष्मान योजना के तहत हितग्राहियों का कार्ड बनवाने के लिए गांव-गांव जाकर कार्य करने वाली डोंगरगांव विकासखंड की मितानिनों ने कलेक्टर से प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने को लेकर ज्ञापन सौंपकर राशि दिलाए जाने की मांग की है।

अपने ज्ञापन में मितानिनों ने कहा है कि घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाने हितग्राहियों को शिविर में ले जाकर कार्ड बनवाए हैं। जिसका प्रोत्साहन राशि आज पर्यन्त तक प्रदाय नहीं किया गया है। साथ ही साथ निश्चय निरामय सर्वे फाइलेरिया की दवाई खिलाने का भी प्रोत्साहन राशि प्रदाय नहीं किया गया है।

### फिर से सौंपा जा रहा कार्य

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची मितानिनों ने बताया कि पहले ही प्रोत्साहन राशि नहीं दी गई है और आज से पुनः आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु शेष हितग्राही को शिविर स्थल में लाने हेतु निर्देशित किया गया है। मितानिनों ने पूर्व में किए गए कार्यों की प्रोत्साहन राशि जल्द से जल्द दिलाने की मांग की है।

### कार्ड बनवाने नहीं करेंगे सहयोग

मितानिन संघ अध्यक्ष सोनिया साहू और मितानिनों ने कहा है कि शासन स्तर पर जो भी कार्य कराए जाते हैं, उन सभी को हम लोगों द्वारा समय पर पूरा किया जाता है, लेकिन प्रोत्साहन राशि के लिए हमेशा उच्च कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। उन्होंने कहा है कि यदि प्रोत्साहन राशि प्रदाय नहीं किया जाता है तो सभी मितानिन बहनें आयुष्मान कार्ड बनवाने में कोई सहयोग प्रदान नहीं करेंगे।

---

## खबर संक्षेप



### जन्मोत्सव पर शहर में निकली शोभायात्रा

**राजनांदगांव।** मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा परशुराम जन्मोत्सव विजय शर्मा की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बालाजी मंदिर गंज चौक से की गई। समाज द्वारा परशुराम की फोटो को बग्गी में बिठाकर सजाया गया। सजावट उपरांत भगवान परशुराम की आरती की गई। मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा शोभायात्रा बालाजी मंदिर से आरंभ होकर रामाधीन मार्ग-कामठी लाइन होते हुए परशुराम मार्ग स्थित परशुराम भवन पहुंची। शोभायात्रा में महापौर मधुसूदन यादव शामिल हुए। शोभायात्रा उपरांत परशुराम भवन में प्रसादी वितरण का कार्यक्रम रखा गया। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं भाजपा नेता खूबचंद पारख मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। परशुराम युवा मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण समाज अध्यक्ष गोपेश शर्मा ने राजनांदगांव वासियों को परशुराम के जन्मोत्सव पर शुभकामनाएं दी।

### जल संरक्षण का संदेश देने निकाली साइकिल रैली

**खैरागढ़।** भारत स्काउट और गाइड के पर्यावरण व जल संरक्षण के संदेश को लेकर निकली साइकिल रैली को सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने हरी झंड़ी दिखाकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बढ़ईटोला से टोलागांव के लिए रवाना किया। सरपंच योगेश वर्मा, पंच लालेश्वर वर्मा, व्याख्याता कमलेश्वर सिंह, लोकनाथ वर्मा, रामसुख यादव, धन्नालाल वर्मा, भुवन वर्मा, विश्राम वर्मा, हुकुम वर्मा, राम बिलासा मंडावी, रोम लाल वर्मा, विनोद मंडावी, ग्राम कोतवाल सुखनंदन धर्मी, सुनीता वर्मा, बालेश्वरी धुर्वे, दशमत वर्मा, भाना बाई वर्मा, माया वर्मा, मिताली वर्मा सहित अन्य की उपस्थिति मे रैली को रवाना करने के बाद मंचीय आयोजन मे भागवत शरण ने कहा कि पर्यावरण और जल संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होने किसानों से अपील करते हुए खेतों के मेढ़ मे वृक्षारोपण कर संतुलित वातावरण बनाने की अपील करते हुए कहा कि वर्तमान में देखा जा रहा है कि किसान भी अपने खेत के मेढ में लगे वृक्ष को खेती से पहले काट रहे हैं यही वजह है कि गर्मी लगातार बढ़ रही है। गांव के पुराने कुएं व तालाब को बचाना भविष्य के लिए बहुत जरूरी है। इस दौरान जिला सचिव कृष्ण कुमार वर्मा, जिला संगठन आयुक्त धनुष सिंहा, जिला संगठन आयुक्त गाइड ललिता कोसारे, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट विशाल ठाकुर, विकास खंड सचिव सुनील कुमार गुनी, नीलू सिंह, सरस्वती बंदे, जितेंद्र कुमार वर्मा, इंदिरा चंद्रवंशी, हेमलाल वर्मा, शैलेंद्र वर्मा, ओमकार नेताम, यशवंत मांडवी, स्काउटर, गाइडर ,स्काउट गाइड के पदाधिकारियों ने सहभागिता दर्ज कराई। स्काउट और गाइड के जिला सचिव केके वर्मा ने बताया कि रैली बढ़ईटोला से 8 किमी दूरी तय करते हुए टोलागांव तक पहुची जहाँ रास्ते के बीच में पडने वाले सभी गांव में रुककर पर्यावरण और जल संरक्षण के संबंध में पोस्टर और नारों के माध्यम से संदेश दिया गया। रैली में 20 से ज्यादा स्काउट और गाइड शामिल हुए।

---

# अधिकार से वंचित पटेल करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ ग्राम पटेल संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक गत दिनों यहां आयोजित की गई। अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष गणेश चंदेल ने की।

इस दौरान मन्नूलाल साहू, गणेश साहू, हेमंत कुर्रे, बलराम साहू, घनश्याम साहू, अमृत साहू, संतोष चंद्रवंशी, गुरदयाल सिंह, राजेश राठौड़, भारत साहू, माधो मौजूद थे। बैठक में ग्राम पटेलों की राजस्व कार्यों में सहभागिता तय करने, मानदेय तय करने, पटेलों की मृत्यु उपरांत उनके परिवारिक सदस्य को प्राथमिकता देने आदि की मांग की गई।

पटेलों ने बताया कि उनकी मांग पूर्व से लंबित है किन्तु शासन ध्यान नहीं दे रहा है। बैठक में जल्द आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बलराम साहू, गणेश चंदेल, भारतलाल साहू, रमेश साहू, चंपालाल चतुर्वेदी, लीलाराम सोनकर, कमलेश साहू, सूर्यसिंह, गीतलाल यादव, डाकवर दास वैष्णव, रमेश नेटी, पुनाराम कुंजाम सहित अन्य उपस्थित थे।

---

# अम्बेडकर का जीवन हमें संघर्ष करने की देता है प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

- सांसद पांडे को प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया गया सम्मानित

ग्राम झिथराटोला में आयोजित विश्व बौद्ध संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश शाखा के तत्वावधान में आयोजित डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती, संविधान की हीरक जयंती महोत्सव में संविधान रक्षा एवं सामाजिक न्याय दिवस कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने की। विशिष्ट अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। सामाजिक बंधुओं ने मुख्य अतिथि सांसद पांडे का पुष्प माला पहनाकर, बैच एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया। साथ ही अतिथियों का स्वागत किया गया।



सांसद श्री पांडे ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर का जीवन हमें समानता, सामाजिक न्याय और मानव गरिमा के लिए निरंतर संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कैबिनेट द्वारा आगामी जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने का ऐतिहासिक निर्णय बाबा साहेब के सामाजिक न्याय के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक प्रामाणिक कदम है। अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविंद्र वैष्णव ने की। विशिष्ट अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जिला पंचायत सदस्यगण प्रशांत कोड़ापे, अनिता मंडावी, देवकुमारी साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता एमडी ठाकुर, चंद्रिका प्रसाद ड़ड़सेना, रविंद्र वैष्णव, रविंद्र रामटेके, अजय पटेल, संजय सिन्हा, कांता साहू सहित सामाजिक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### शिक्षा को दिया बढ़ावा

श्री पांडे ने कहा कि बॉम्बे उच्च न्यायालय में विधि का अभ्यास करते उन्होंने अछूतों की शिक्षा को बढ़ावा देने और उन्हें ऊपर उठाने का प्रयास किया। उनका पहला संगठित प्रयास केंद्रीय संस्थान बहिष्कृत हितकारिणी सभा की स्थापना था। जिसका उद्देश्य शिक्षा और सामाजिक-आर्थिक सुधार को बढ़ावा देने के साथ ही अवसादग्रस्त वर्गों के रूप में संदर्भित बहिष्कार के कल्याण करना था। दलित अधिकारों की रक्षा के लिए उन्होंने मूकनायक, बहिष्कृत भारत, समता, प्रबुद्ध भारत और जनता जैसी पांच पत्रिकाएं निकाली। सांसद ने सामाजिक बंधुओ को ऐसे आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया।

---

## तमाम विरोध को दरकिनार करते हुए किया भूमिपूजन

# 30 लाख की लागत, अटल परिसर का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

राजनांदगांव कवर्धा रोड मे रेस्ट हॉउस के सामने कांग्रेस के तमाम विरोध को दरकिनार करते हुए टूटे हुए मीराबाई चौंक में अटल परिसर का भूमिपूजन कर दिया गया। शुभम के मार्ट के ठीक सामने 30 लाख की लागत से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की स्मृति में परिसर तैयार होगा। जिसमें अटल जी की आदमकद प्रतिमा के साथ वाटर फाउंटेन लगाया जाएगा और सौंदर्यीकरण का अन्य काम होंगा।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने भूमिपूजन कर सरकार की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि गर्व का विषय है कि भारत रत्न अटल जी की प्रतिमा लगने जा रही है। उनके राष्ट्र के प्रति अतुलनीय योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। छत्तीसगढ़ निर्माण से लेकर प्रधानमंत्री सड़क योजना अटल जी की देन है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा घम्मन साहू, रामाधर। रजक, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सुरेश ठाकुर, आयश सिंह बोनी, अजय जैन, नीलिमा गोश्वामी, आलोक श्रीवास, मोनिका रजक सहित अन्य उपस्थित थे। चौक टूटने के बाद से कांग्रेस के लगातार विरोध की संभावनाओं को देखते हुए पुलिस बल भी तैनात रहा हालांकि इस दौरान कांग्रेस ने किसी प्रकार का कोई विरोध प्रदर्शन नहीं किया।



### नज़र नहीं आए कांग्रेसी

चौंक को निर्माण से पूर्व तोड़े जाने के बाद से ही विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन की अगुवाई में काँग्रेसियों ने खूब हल्ला मचाया लेकिन सोमवार को भूमि पूजन के दौरान कोई भी कांग्रेसी नज़र नहीं आया।

### बढ़ेगी खूबसूरती

अटल परिसर के निर्माण के बाद इस क्षेत्र की खूबसूरती और भी बढ़ जाएगी। क्योंकि लाल बहादुर स्पोर्टिंग क्लब,रेस्ट हॉउस, गौरव पथ, अटल उद्यान, जिम, म्यूजिकल फाउंटेन जैसी महानगरीय सुविधाएं पहले से ही उक्त स्थल के आसपास मौजूद हैं। परिसर के निर्माण से देर शाम उद्यान में आने वाले लोगों की संख्या में इज़ाफ़ा होगा क्योंकि यहाँ देर शाम चौपाटी भी लगती है। शहर के जिस हिस्से में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा लगने जा रही है। उसका नाम इतिहास के पन्नो में भी दर्ज रहा है। क्लब के ठीक सामने ट्राएंगल का हिस्सा पहले ब्रिटिश शासनकाल में अलफ्रेड पार्क के नाम से जाना जाता था। कुछ दिन बाद इसे चिल्ड्रन पार्क के नाम से जाना जाने लगा। वर्तमान में उक्त स्थल पर निजी व्यावसायिक परिसरों का निर्माण जारी है।रियासत काल में पार्क के मध्य में राजा कमल नारायण सिंह के पुत्र और खैरागढ़ रियासत के तत्कालीन राजा लाल बहादुर सिंह की प्रतिमा लगी हुईं थी। प्रतिमा जीर्ण शीर्ण होने के बाद प्रतिमा हटा ली गई।

---

# सिद्धपीठ मां भानेश्वरी जयंती महोत्सव 9 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

- जिला साहू संघ एवं मां भानेश्वरी मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजन

जिला साहू संघ एवं मां भानेश्वरी मंदिर समिति सिंघोला द्वारा इस वर्ष भी ग्राम पंचायत सिंघोला में स्थित सिद्धपीठ मां भानेश्वरी जयंती महोत्सव वृहद स्तर पर मनाया जाना है। जिसकी तैयारियों को अंतिम रूप देने जिला साहू संघ एवं मंदिर समिति जुटे हुए हैं। जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया कि ग्राम सिंघोला मां भानेश्वरी जयंती महोत्सव 9 मई को वृहद रूप से मनाया जाएगा। जिसको लेकर लगातार बैठकों का दौर जारी है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक के माध्यम से सभी को कार्यभार सौंपा जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने अधिक से अधिक संख्या में लोगों को उपस्थिति की अपील की है। साथ ही भानेश्वरी जयंती के लिए संचालन समिति का गठन किया गया। जिसमें संयोजक डॉ. नीरेंद्र साहू, अन्य सदस्य भागवत साहू, नीलमणी साहू, नोबल साहू, शैलेन्द्र साहू, नीरा साहू, अंजू साहू, कुलेश्वर साहू, हेमंत साहू, हंसराज साहू, लक्ष्मण साहू, मंथीर साहू, भुनेश्वर साहू, मिलाप साहू, डॉ. महेश साहू, चंद्रशेखर साहू, मदन साहू, माधव साहू, चंदन साहू, ज्ञानचंद साहू, तुलदास साहू, जगमोहन आदि शामिल हुए। उक्त जानकारी जिला महामंत्री नीलमणी साहू ने दी है।

## सार समाचार


### प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ने किया सितलेश का सम्मान

**राजनांदगांव।** यूएई दुबई में 22 से 28 अप्रैल तक आयोजित 11वीं अंतर्राष्ट्रीय चैम्पियनशिप वेटलिफ्टिंग एवं पावर लिफ्टिंग खेल प्रतियोगिता में राजनांदगांव के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सितलेश पटेल का चयन हुआ था। उक्त खेल प्रतियोगिता में विश्वभर के विभिन्न देशों के चयनित खिलाड़ियों ने भाग लिया था। सितलेश पटेल ने भारत देश का प्रतिनिधित्व करते वेट एवं पॉवर लिफ्टिंग दोनों ही खेल प्रतियोगिताओं में पृथक-पृथक स्वर्ण पदक हासिल कर भारत देश का परचम लहराया। दोनों ही खेल प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक लेकर राजनांदगांव में उनका आगमन 29 अप्रैल को हुआ। रेलवे स्टेशन से सीधे शहर के मुख्य मार्गों से होते विजय शोभायात्रा ब्रह्माकुमारीज के नवनिर्मित राजयोग मेडिटेशन सेंटर ब्रह्माकुमारीज के ज्ञान मानसरोवर पहुंची। यहां सेवाकेंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी, प्रभा बहन एवं अन्य ब्रह्माकुमारी बहनों ने उनका स्वागत किया। ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी ने उनके इस ऐतिहासिक जीत पर बधाई देते कहा कि ये हमारे शहर के लिए गर्व की बात है कि सितलेश पटेल ने दुबई में प्रतियोगिता जीतकर भारत सहित छत्तीसगढ़ एवं राजनांदगांव का नाम रौशन किया।



### पद्मश्री डॉ. बाफना दुबई आमंत्रित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के चिकित्सा विशेषज्ञों में एकमात्र पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना को दुबई में आयोजित हो रहे इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन पीडियाट्रिक्स एंड चाइल्ड हेल्थ में प्रारंभिक सत्र में एक विशेष वक्ता की हैसियत से आमंत्रित किया गया है। वे रोल ऑफ स्पिरिचुअलिटी इन एडोलसेंट वेल बिइंग विषय पर व्याख्यान देंगे। डॉ. बाफना भारत से एकमात्र प्रस्तोता होंगे। आगामी 15 और 16 मई को आयोजित इस सम्मेलन में विश्व से बाल स्वास्थ्य से संबंधित विविध विषयों पर अनेक विशेषज्ञ व्याख्यान, शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। इस 23वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कांफ्रेंस मैनेजर डॉ. फ्रेया विल्सन ने डॉ. बाफना को आमंत्रित करते लिखा है कि भारत जैसे महान देश के प्रतिनिधि से ऐसे विशेष विषय पर व्याख्यान इस सम्मेलन के लिए महत्वपूर्ण है।



### कलेक्टर ने हितग्राहियों को प्रदान किया श्रमिक कार्ड

**राजनांदगांव।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत नगर पालिक निगम राजनांदगांव के वार्ड क्रमांक 14, 24, 25, 26, 27 के नागरिकों के लिए समाधान शिविर आयोजित किया गया। समाधान शिविर नागरिकों के लिए लाभकारी साबित हुआ। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने समाधान शिविर में किरण रामटेके को श्रमिक कार्ड प्रदान किया। श्रमिक कार्ड मिलने पर हितग्राही किरण रामटेके ने खुशी जाहिर की।उल्लेखनीय है कि समाधान शिविर में श्रम विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं के अंतर्गत पंजीयन करते श्रमिकों का श्रमिक कार्ड तत्काल प्रदान किया गया। स्टेट स्कूल राजनांदगांव में आयोजित समाधान शिविर में श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा श्रमिक हितग्राहियों को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में श्रमिकों के समस्याओं का समाधान किया गया और श्रम विभाग के विभागीय योजनाओं से अवगत कराते लाभान्वित किया गया।



### अंजू ने छग पॉवर लिफ्टिंग में गोल्ड पर जमाया कब्जा

**राजनांदगांव।** इंडियन पॉवर लिफ्टिंग फेडरेशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग कॉम्पिटिशन चैम्पियनशिप का आयोजन 24 से 26 अप्रैल तक खुर्सीपार भिलाई में आयोजित किया गया। जिसमें राज्यभर के विभिन्न जिलों से लगभग 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में राजनांदगांव पुलिस विभाग से राकेश सिंह सहायक सेनानी 8वीं वाहिनी तथा महिला प्रधान आरक्षक अंजू सिंह महिला थाना राजनांदगांव द्वारा प्रशिक्षित खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न आयु वर्ग, वजन वर्ग में बेहतर प्रदर्शन कर मैडल हासिल किया। महिला प्र.आर. अंजू सिंह ने स्वयं भी प्रतियोगिता में भाग लेकर सीनियर तथा मास्टर दोनों वर्गों में गोल्ड मेडल हासिल कर स्ट्रॉग व्हू मेन ऑफ छत्तीसगढ़ का खिताब भी हासिल किया। सहायक सेनानी राकेश सिंह तथा महिला प्रधान आरक्षक अंजू सिंह विगत 10 वर्षों से इस खेल से जुड़े हुए हैं तथा पुलिस के कर्तव्यों का निर्वहन करते स्वयं इस खेल का अभ्यास करते हैं। साथ ही जिले के खिलाड़ियों को भी प्रशिक्षण देते हैं। उनके द्वारा प्रशिक्षित खिलाड़ियों में से सरिता मंडावी 63 केजी वजन समूह में सिल्वर मेडल, रागिनी साहू 76 केजी वजन समूह में सिल्वर मेडल, जितेश साहू 66 केजी वजन समूह में गोल्ड मेडल, देवांश 93 केजी वजन समूह में सिल्वर मेडल हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। साथ ही आदित्य साहू ने 74 केजी वजन समूह में बेहतर प्रदर्शन किया। इन सभी खिलाड़ियों की इस विशिष्ट उपलब्धि पर राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य द्वारा सभी खिलाड़ियों का अपने कार्यालय में सम्मानित किया गया। तथा उन्हें उनके उज्जवल भविष्य और खेल में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर बॉडी टेक जिम के संचालक अमित अजमानी तथा रुचिका अजमानी उपस्थित थे।



## पृष्ठ 11 का शेष

### सुबह ना उठने को...

प्रार्थी के अनुसार दर्ज कराई गई एफआईआर में बताया गया कि वे और उसके अन्य दो दोस्त संजय उईके एवं शंकर बांस तोड़कर शाम पांच बजे अपने घर लौटे थे। वहां से प्रार्थी एवं शंकर मछली लेने बाजार चले गए। इसके बाद तीनों ही दोस्त संजय के घर शराब पीने बैठे। शराब पीकर जब तीनों गुटखा खाने के लिए घर से निकले तो बीच रास्ते में आरोपी सतीश कुरसुंघे उन्हें मिला। सतीश ने तीनों से कहा कि जब मैं तुम तीनों को सुबह बांस तोड़ने के लिए उठाता हूं तो क्यों नहीं उठते हो? इस बीच सतीश ने गुस्से में आकर गाली-गलौच भी शुरू कर दिया था। मृतक संजय ने आरोपी को गाली देने से मना किया। जिसको लेकर विवाद और बढ़ गया। जिसके बाद तीनों दोस्त आगे बढ़ गए। इस बीच आरोपी पीछे से आकर डंडे से वार करने लगा।

### गुफा में दिनभर आराम...

अपना पेट भरा है। बताया जा रहा है कि जंगलों में पानी की कमी के बाद नील गाय कोटरी, हिरण, जंगली भालू और सूअर जैसे जानवर पानी की तलाश में शहर से लगे आसपास के ग्रामीण इलाकों में पहुंच रहे हैं। यही कारण है कि इन जानवरों की उपस्थिति के बीच तेंदुआ और शेर का भी इन इलाकों में आना-जाना बढ़ गया है। धर्मनगरी डोंगरगढ़ में पिछले दो साल के दौरान तेंदुआ सहित अन्य जीव-जन्तु को शहरी क्षेत्र में कई दफा देखा जा चुका है। पहाड़ पर स्थित मां के मंदिर में लगातार तेंदुआ की उपस्थिति की खबरें सामने आती रही है। इसके अलावा बोरतलाव क्षेत्र, खैरागढ़ से लगे करेला भंडारपुर वन्यंचल क्षेत्र में शेर व तेंदुआ दिख चुका है। वहीं करवारी के आसपास जंगली सुअर और भालू देखे जाने की खबर के साथ ही आसपास क्षेत्रों में शिकारियों के जमावड़ा होने की बात भी सामने आई है।

### चिल्हाटी थाना के...

प्रिय होने के कारण वह अब तक वर्दी के पीछे मनमानी करता रहा। महाराष्ट्र से जुड़े रिश्वत कांड के मामले में खबरों के हवाले से आईजी से मांग की है कि राजनांदगांव के अलग पुलिस टीम से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

# चक्काजाम के बाद भी नहीं सुधरी व्यवस्था, तीन दिन में दो बार ही जलापूर्ति

**राजनांदगांव।** भीषण गर्मी के बीच जल संकट के दौर से गुजर रहे पटरीपार क्षेत्र के लोगों ने बीते शनिवार की सुबह चक्काजाम कर जलापूर्ति की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की थी। वहीं शनिवार की शाम पर्याप्त जलापूर्ति करने का भरोसा मिलने के बाद क्षेत्र के लोगों ने चक्काजाम समाप्त किया था, लेकिन चक्काजाम के बाद भी जलापूर्ति की व्यवस्था दुरूस्त नहीं हुई, बल्कि स्थिति और खराब हो गई है।

शनिवार सुबह लगभग 10-15 मिनट ही नल से पानी आने के बाद लोगों ने चक्काजाम किया था। वहीं शनिवार शाम पटरीपार क्षेत्र के शंकरपुर और रामनगर एरिये में जल आपूर्ति ही नहीं हुई। रविवार सुबह भी महज 10 मिनट ही खुला और रविवार शाम भी जलापूर्ति नहीं की गई। सोमवार को शाम में जलापूर्ति हुई। पटरी पार क्षेत्र के रामनगर वार्ड में इन तीन दिनों में महज दो बार ही जलापूर्ति हुई है। जिसके चलते यहां पानी की काफी समस्या हो गई है।

#### वाल्व में आई खराबी

नगर निगम द्वारा पटरी पार के क्षेत्र में नल से जलापूर्ति नहीं होने के बाद भी टैंकर के माध्यम से भी पर्याप्त जल आपूर्ति नहीं की जा रही है। जिसके चलते वार्ड के लोगों में रोष भी है। जल विभाग के प्रभारी सदस्य सुनील साहू ने बताया कि इस क्षेत्र में वाल्व खराब होने के चलते जलापूर्ति बाधित हुई है। उन्होंने कहा कि इस पर सुधार कार्य किया जा रहा है।



#### महापौर से की शिकायत

सोमवार सुबह रामनगर में जलापूर्ति नहीं होने पर वार्ड के लोगों ने महापौर मधुसूदन यादव के निवास पहुंचकर पानी की समस्या से उन्हें अवगत कराया और सुचारू जलापूर्ति करने की मांग की। वार्ड के लोगों ने महापौर को बताया कि वार्ड में पानी की काफी समस्या है। टैंकर के माध्यम से भी पानी सभी तरफ नहीं पहुंच पा रहा है।

#### पेयजल संकट में वार्ड

शनिवार, रविवार और सोमवार इन तीन दिनों में महज दो टाईम ही इस क्षेत्र में लगभग 10-15 मिनट ही जलापूर्ति हुई है। खाना बनाने और पीने का पर्याप्त पानी भी नहीं मिल पाया है। ऐसे में यहां समस्या भी बनी हुई है। वार्ड पार्षद द्वारा टैंकर के माध्यम से वार्ड में जलापूर्ति की जा रही है, लेकिन नगर निगम से पर्याप्त टैंकर नहीं मिलने की वजह से वार्ड के कई क्षेत्रों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

### शहर में पांच वार्ड के उदघाटन शिविर को नहीं मिला रिस्पांस

# समाधान शिविर में नेताओं से भरा रहा मंच वार्डवासियों ने बनाई दूरी, खाली रही कुर्सियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर के आयोजन में नेता और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे, लेकिन जनता की दूरी साफ दिखाई दी।

शहर के स्टेट हाईस्कूल मैदान में आयोजित शिविर के दौरान पांच वार्डों में प्राप्त आवेदनों के समाधान के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में जिले के कलेक्टर से लेकर जिले के प्रभारी सचिव और राजस्व विभाग के सचिव की उपस्थिति रही। अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे, लेकिन इस शिविर में समाधान के लिए पहुंचने वाली जनता ही नजर नहीं आई। वार्ड नंबर 14, 24 25, 26 और 27 के लिए आयोजित इस शिविर में लोग समाधान के लिए बड़ी संख्या में नहीं पहुंचे, चंद आवेदक ही मौजूद रहे।

#### पीएम सूर्य घर में नहीं दिख रही रूचि

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को लेकर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने कहा कि जिले में लगभग 44 हजार मकान है और अभी सिर्फ 72 घरों में ही सूर्य घर योजना से सोलर लाइट लगा है। इसमें बिजली कंपनी, एजेंसी और हितग्राही का सामंजस्य आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी विभागों और जनप्रतिनिधियों के साथ योजना को लेकर एक वर्कशॉप करेंगे। कलेक्टर ने लोगों से इस योजना के लिए आवेदन करने की अपील भी की है।



#### जनप्रतिनिधि हुए शामिल

शहर के स्टेट हाईस्कूल में आयोजित इस शिविर में चंद आवेदक ही पहुंचे। इस आयोजन में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, भाजपा के जिला महामंत्री सौरभ कोठारी, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, सुमीत सिंह भाटिया सहित अन्य उपस्थित थे।

#### सवा लाख से अधिक आवेदन हुए प्राप्त

राजनांदगांव जिले से कुल 1 लाख 27 हजार 659 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें मांग से संबंधित 1 लाख 24 हजार 202 एवं शिकायत से संबंधित 3 हजार 357 आवेदन आए हैं। इसमें कुल 84 हजार 129 आवेदनों का निराकरण किया गया है।

#### आवेदनों पर हुई चर्चा

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने बताया कि सुशासन तिहार के तीसरे चरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में जितने भी आवेदन आए थे, उनमें अधिक से अधिक आवेदनों का निराकरण करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि शिविर में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना और आवासीय पट्टा को लेकर आवेदन है। जिले के प्रभारी सचिव और राजस्व विभाग के सचिव की उपस्थिति में आवेदन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शासन के निर्देशानुसार पट्टे का वितरण होगा। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना से 1800 आवास जिले में स्वीकृत है। वहीं अतिरिक्त 280 आवास स्वीकृति का टारगेट दिया गया है। इसमें वह लोग शामिल है, जिन्होंने इस शिविर में आवेदन किया है।

#### 30 तक समाधान शिविर

5 मई से 30 मई तक चलने वाली इस समाधान शिविर का आयोजन जिले के ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में किया जा रहा है। जिले में कुल 68 समाधान शिविर आयोजित किए गए हैं। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों पर विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी दी जा रही है। शिविरों में नए आवेदन भी लिए जा रहे हैं और जिन मामलों का समाधान मौके पर संभव है, उनका मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है।

### बाबूटोला में अवैध प्लाटिंग

**राजनांदगांव।** शहर के वार्ड नं. 1 के बाबूटोला में बड़े पैमाने पर कई एकड़ जमीन में अवैध प्लाटिंग की जा रही है। इस अवैध प्लाटिंग की शिकायत स्थानीय पार्षद राजा तिवारी ने कलेक्टर, संभागायुक्त, नगर निगम आयुक्त, एसडीएम और तहसीलदार से की है। पार्षद ने ज्ञापन के माध्यम से यहां वृहद स्तर पर हो रहे अवैध प्लाटिंग के दोषियों के विरुद्ध एफआईआर करने की मांग की है।

वार्ड नंबर 01 बजरंगपुर नवागांव के पार्षद राजा तिवारी ने अपनी शिकायत में कहा है कि बाबूटोला में बड़े पैगाने पर मोरध्वज देवांगन एवं उनके साथियों द्वारा प्रीकास्ट वॉल निर्मित कर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि खसरा नं. 11/183 कुल रकबा 0.6160 हेक्टेयर, खसरा नं. 23/8 रकबा 0.4670 हेक्टेयर, खसरा नं. 11/2 कुल रकबा 0.4700 हेक्टयर, 11/75, 22/1, 23/1, 11/76, 11/5, 24/1 तथा 27/1 को टुकड़ों में बेचने की तैयारी मोरध्वज देवांगन द्वारा की जा रही है। जिससे निगम को भारी राजस्व का नुकसान होना तय है।


बाबूटोला क्षेत्र में किए जा रहे अवैध प्लाटिंग के खसरों की जांच कर तत्काल उक्त खसरा नंबरों की भूमि पर खरीदी-बिक्री में रोक लगाने की मांग की गई है। बाबूटोला में लगभग 5 एकड़ की भूमि पर प्लाट काटकर खूंटे गड़ा दिए गए हैं।

# मवेशी तस्कर पकड़ाए पिकअप वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिकअप वाहन में बिना चारा-पानी के दो मवेशियों को महाराष्ट्र की ओर ले जाते पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा। जिनसे 2 मवेशी बरामद कर पिकअप वाहन को जब्त किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिचोला चौकी पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि राजनांदगांव की ओर से पिकअप वाहन में मवेशियों को बिना चारा-पानी के क्रूरतापूर्वक भरकर परिवहन करते कत्लखाना नागपुर की ओर ले जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने ग्राम पाटेकोहरा आरटीओ बेरियर के पास नाकाबंदी किया। नाकाबंदी के दौरान राजनांदगांव की ओर से एक पिकअप वाहन आते दिखी, जिसे रोककर चेक किया। उक्त पिकअप के अंदर देखे तो भैंस ठूंस कर भरा हुआ था। चारा-पानी की कोई व्यवस्था नहीं था, तब चालक को भैंस ले जाने के संबंध में पूछताछ किया जो कोई वैध कागजात का नहीं होना लिखित में दिया एवं मवेशियों को नागपुर महाराष्ट्र कत्लखाना ले जाना बताया।



#### मवेशी बरामद, आरोपियों पर कार्रवाई

पुलिस ने पिकअप वाहन में भरे 2 नग भैंस एवं पिकअप वाहन को जब्त कर आरोपी चालक रोहित संजय ठवकर 26 साल टवेपार थाना व जिला भंडारा महाराष्ट्र एवं ड्राईवर सीट के बगल में बैठा व्यक्ति का नाम गणेश मयाराम लूटे 44 साल निवासी टवेपार थाना व जिला भंडारा महाराष्ट्र वाहन स्वामी के विरूद्ध धारा- 11 पशुक्रूरता निवारण अधिनियम 4, 6, 10 कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004, 66/192 एमव्ही एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।






हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 6 मई 2025

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# सालभर से करोड़ों रुपए का भुगतान अटका, पीडब्ल्यूडी ठेकेदारों ने किया आंदोलन का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

सरकारी भवनों की मरम्मत करने वाले पीडब्ल्यूडी के ठेकेदारों की माली हालत खराब हो गई है। पिछले एक साल से फूटी कौड़ी का भुगतान नहीं होने से छोटे ठेकेदार अब न तो टेंडर में भाग ले रहे हैं और न ही वे कोई काम कर पा रहे हैं। करीब तीन करोड़ रुपए का भुगतान अटकने से नाराज ठेकेदारों ने अब आंदोलन का ऐलान किया है। ठेकेदारों का कहना है कि काम कराने के बाद भी अफसर जानबूझकर उनका पेमेंट जारी नहीं कर रहे हैं।

लोक निर्माण विभाग में एआर के तहत होने वाले सरकारी भवन की मरम्मत का काम करने वाले छोटे ठेकेदार पिछले एक साल से अपने बकाया भुगतान के लिए पीडब्ल्यूडी के चक्कर काट रहे हैं। बताया जाता है कि डेढ़ दर्जन से ज्यादा छोटे ठेकेदारों का राजनांदगांव डिवीजन में करीब तीन करोड़ रुपए का भुगतान अटका हुआ है। ठेकेदारों का कहना है कि कई बार उन्होंने विभाग के अधिकारियों से पेमेंट रिलीज करने का आग्रह किया था, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। यही कारण है कि ठेकेदारों के एक प्रतिनिधि मंडल ने आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर अपनी पीड़ा व्यक्त की है। ठेकेदारों का कहना है कि यदि भुगतान नहीं किया गया तो वे शीघ्र ही धरना प्रदर्शन कर आंदोलन का आगाज करेंगे। इसकी तैयारी भी शुरू हो चुकी है।

## राजनांदगांव के साथ ही केसीजी और एएमसी जिले के पीडब्ल्यूडी ठेकेदारों की भी यही स्थिति

### तीनों जिलों में यही हाल

राजनांदगांव के अलावा खैरागढ़-छुईखदान- गंडई और मोहला-मानपुर- चौकी जिले के पीडब्ल्यूडी ठेकेदारों की भी यही स्थिति है। वहां भी करीब पांच करोड़ रुपए से ज्यादा का भुगतान अटका हुआ है। यही कारण है कि तीनों जिलों के ठेकेदारों ने अब आंदोलन की रणनीति तैयार की है। ठेकेदारों ने अल्टीमेटम भी दे दिया है।



### शासन से नहीं आया अलार्टमेंट

राजय शासन से बिल्डिंग एआर मद की राशि नहीं मिली है। जिसके कारण ठेकेदारों को भुगतान नहीं हो पाया है।

- सुनील कुमार चौरसिया
ईई पीडब्ल्यूडी

### दूसरे मद में खर्च कर दी राशि

राज्य शासन ने पिछले साल बिल्डिंग एआर मद में पूरे प्रदेश के लिए ढाई सौ करोड़ रुपए की राशि जारी की थी, लेकिन राजधानी के शीर्ष अफसरों ने इस राशि में हेरफेर कर ईएडएम में इसे खर्च कर दिया। बताया जाता है कि मद परिवर्तन कर करोड़ों रुपए की राशि का व्यारा-न्यारा किए जाने के मामले में शासन ने जांच के आदेश भी जारी किए हैं। जिसके चलते राज्य के छोटे ठेकेदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

---

बांस तोड़ने जंगल जाते थे दोस्त, घटना के बाद आरोपी फरार

# सुबह ना उठने को लेकर विवाद पर डंडे से हमला, दोस्त ने ही कर दी युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़/राजनांदगांव

डोंगरगढ़ शहर के कंडरापारा इलाके में रविवार रात चार दोस्तों के बीच बांस तोड़ने के लिए जाने सुबह ना उठने को लेकर पनपा विवाद खूनी खेल में बदल गया। अपने दोस्तों की बातों से आक्रोशित होकर आरोपी ने अपने ही दोस्तों पर डंडे से वार कर दिया। जिसमें सिर पर गंभीर चोंट आने से एक ही मौत हो गई। मामले के बाद आरोपी पुलिस से बचने के लिए इलाके में स्थित जंगल की ओर भाग गया। हालांकि उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम भी खोजबीन में जुटी हुई है।

⏩ शेष पेज 14 पर

### दो दोस्तों पर किया वार

बताया गया कि विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी सतीश ने अपने घर में रखे डंडे को लेकर अपने दोस्तों पर वार शुरू कर दिया। उसने पहले मृतक संजय की गर्दन पर वार किया। जिससे उसे गंभीर चोंट आई और वह जमीन पर गिर गया। इसके बाद उसने प्रार्थी मिथुन यादव के पैर पर डंडे से वार कर दिया। जिससे उसके पैर में सूजन भी आई। हालांकि इस बीच मौके पर भीड़ बढ़ता देख आरोपी वहां से भाग निकला।



**शराब का अवैध कारोबार बड़ी वजह :** लगातार डोंगरगढ़ में हो रहे हादसे के पीछे शराब मुख्य वजह बनकर सामने आई है। डोंगरगढ़ में अवैध शराब बिक्री होने से युवाओं के हाथ में आसानी से नशा पहुंच रहा है, जो कि अपराधों की बड़ी वजह बनता जा रहा है। कंडरापारा की यह ताजा घटना इसी नशे के दुष्परिणाम की एक और मिसाल है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। सभी एंगल से छानबीन की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### जंगल में आरोपी को ढूंढ रही पुलिस

घटना के बाद पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए आरोपी सतीश डोंगरगढ़ इलाके में स्थित जंगल के बीच भाग गया। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस की भी टीमें उसकी खोजबीन में जंगल तलाश रही है। बताया गया कि सूत्रों से भी संपर्क कर सतीश की लोकेशन का पता लगाया जा रहा है। ज्ञात हो कि पिछले एक सप्ताह के भीतर डोंगरगढ़ में दूसरी हत्या की वारदात होने से सनसनी मची हुई है।

---

ड्रोन के सहारे तेंदुआ का लोकेशन ढूंढ रहा वन विभाग

# गुफा में दिनभर आराम के बाद शाम को शिकार करने निकल रहा तेंदुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत अछोली से लगे आईटीआई कॉलेज एवं सिविल कॉलोनी के पास स्थित सुदर्शनगिरी पहाड़ी पर पिछले 4 दिनों से तेंदुआ के बने होने से दहशत का माहौल निर्मित है।

दो दिन पहले तेंदुआ को पहली बार देखे जाने के बाद से ही वन विभाग की टीम उसे पकड़ने की जुगत में लग गई है। हालांकि अब तक तेंदुआ को पकड़ा नहीं जा सका है। बताया गया कि तेंदुआ वहीं स्थित एक गुफा में छुपा हुआ है। वन विभाग ड्रोन कैमरे के सहारे तेंदुआ का लोकेशन पता लगाने जुटा हुआ है। तेंदुआ रात के समय शिकार करने के लिए बाहर निकल रहा है। शिकार करने के बाद वह वापस गुफा में चला जा रहा है।



जिसकी वजह से उसे पकड़ने में विभागीय टीम को दिक्कतें आ रही है।

तेन्दुआ के इलाके में बने होने से जहां ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वहीं इलाके के आसपास के क्षेत्र से कुत्ते भी तेजी से गायब हो चुके हैं। बताया गया कि तेंदुआ ने बीती रात एक कुत्ते का शिकार कर

⏩ शेष पेज 14 पर

### शाम को शिकार के लिए निकल रहा

जानकारों का मानना है कि प्राचीन सुदर्शन गिरी में अंदर कई गहरी गुफाएं है। इनमें से ही किसी एक में तेंदुआ ने अपना ठिकाना बना रखा है। दिनभर आराम करने के बाद तेंदुआ रात के अंधेरे में कुत्तों का शिकार कर रहा है। यही कारण है कि शाम के वक्त ही तेंदुआ को पहाड़ी में देखा जाता है। इधर सुदर्शन गिरी के अध्यक्ष तरुण हथेल ने सुदर्शन गिरी में आने वाले दर्शनार्थियों से पहाड़ी में ना आने की अपील की है। वहीं शासकीय अस्पताल से बगदई पारा तक कई विभागीय कार्यालय, स्कूल-कॉलेज एवं सिविल कॉलोनी के लोगों को भी सतर्कता से रहने की हिदायत दी गई है।

---

# निर्माण के एक सप्ताह बाद उखड़ने लगी रोड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पालिका के वार्ड 16 में एक सप्ताह पहले नी सीसी रोड घटिया मटेरियल के उपयोग से उखड़ने लगी है। इस सड़क के निर्माण में चूरा गिटटी रेती का इस्तेमाल ज्यादा किया गया है। पार्शद अनिश निर्मलकर ने सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाया है। जानकारी के अनुसार एक बत्ती पांच रास्ता से दंतेश्वरी मंदिर होते हुए जमात मंदिर तक लगभग 4 लाख की 150 मीटर सीसी रोड का निर्माण कराया गया है।निर्माण के दो दिन बाद ही सड़क उखडने लगी है। इंजीनियर भुवन लाल सिन्हा ने बताया कि शिकायत के बाद ठेकेदार ने सुधारने का आश्वासन दिया है। ठेकेदार हनी गुप्ता ने बताया कि सड़क निर्माण में नियमताः मटेरियल का इस्तेमाल किया गया। उपरी सतह की सीमेंट उखड़ने लगी है जिसे ठीक करा दिया जाएगा।

- चार लाख की लागत से हुआ निर्माण
- अब सुधार करने का प्रयास

# फेल हुआ जल जीवन मिशन, ग्रामीण परेशान

**डोंगरगढ़।** पानी की किल्लत दूर करने 5 सालों से संचालित जल जीवन मिशन, नल जल योजना में करोडों की स्वीकृति दी गई है किन्तु पूरी योजना का बंटाढार हो गया है। ब्लाक की 100 पंचायतों में निर्माण महज दिखावा सबित हो रहा है। जानकारी के अनुसार बाहर के ठेकेदारों को काम दिया गया जिन्होंने काम करने के बजाए पेटी ठेकेदारों को काम दे दिया और पूरी योजना कमीशन खोरी की भेंट चढ़ गई। यह योजना अब तक पूरी नहीं हो सकी है। आधे से ज्यादा निर्माण कार्य को ठेकेदार अधूरा छोड़ की चले गए है। जहां निर्माण हुआ है वहां पानी का स्त्रोत नहीं है। पानी टंकी एवं बोर के



प्लेटफार्म निर्माण में भी अनियमितता बरता गया है जिसका उदहारण ग्राम पंचायत बेलगांव, तेदुभाटा आदि में देखने मिल रहा है। जहां निर्माण पूरा भी हो गया है वहां के लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीण अब भी पानी के लिए परेशान हो रहे हैं।

# शराब की बिक्री और पशु तस्करी जारी

**डोंगरगढ़।** बोरतलाव क्षेत्र में अवैध शराब, कच्ची शराब का कारोबार एवं पशुओं की तस्करी बेरोकटोक की जा रही है। वहीं शासकीय शराब दुकान से कोचियों को बड़े पैमाने पर शराब मुहैया कराया जा रहा है। इस मामले में थाना बोरतलाव की कार्य प्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य अनिता मंडावी ने इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि अवैध कारोबार की आड़ में थाना स्टॉफ द्वारा उगाही किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बोरतलाव मार्ग से बडे पैमाने पर पशुओं को बूचड़खाना भेजा जाता है।

# चिल्हाटी थाना के रिश्वत कांड मामले में प्रभारी और प्रधान आरक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

- आईजी ने दिए निलंबन करने के निर्देश
- कार्रवाई से मची खलबली

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के चिल्हाटी थाना प्रभारी रविशंकर डहरिया को महाराष्ट्र के एक फौजी परिवार के साथ कथित ज्यादती करने के साथ-साथ रिश्वत लेने के मामले में आईजी अभिषेक शांडिल्य के निर्देश पर एसपी वाईपी सिंह ने निलंबित कर दिया है। वहीं पीड़ितों पर मामला दबाने को लेकर दबाव बनाने वाले प्रधान आरक्षक राजेश्वर बोगा को भी निलंबित कर दिया गया है।

अंबागढ़ चौकी विकासखंड के चिल्हाटी थाना प्रभारी पर आरोप है कि महाराष्ट्र का रहने वाले फौजी परिवार को कथित मवेशी तस्करी की आशंका पर रातभर थाना में बिठाकर सुबह गरीब किसान, बैल मालिक, पिकअप वाहन मालिक एवं कारगिल युद्ध लड़े फौजी के बड़े भाई से एक लाख से ऊपर की रिश्वत ली गई। आईजी ने मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद एसपी को सीधे थाना प्रभारी और मामले में लिप्त खाकी को शर्मसार करने वाले लोगों पर निलंबन की कार्रवाई करने का आदेश दिया है। एसडीओपी नेहा पवार को थाना प्रभारी के खिलाफ लगे आरोपों की जांच का भी जिम्मा सौंपा गया है। मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रशाह मंडावी ने पत्रकारों से बातचीत करते कहा कि थाना प्रभारी रविशंकर डहरिया के खिलाफ कई मामले सामने आते रहे हैं, परंतु विभागीय अफसरों के

⏩ शेष पेज 14 पर




### असामाजिक गतिविधियों को समर्थन

रिश्वतकांड उजागर होने से पहले बीते सप्ताह चिल्हाटी के सैकड़ों महिला-पुरूष, युवा व ग्रामीणों ने गांव में बिक रहे अवैध शराब के खिलाफ लामबंद होते हुए चिल्हाटी थाना का घेराव करते बताया कि थाना प्रभारी रविशंकर डहरिया के संरक्षण में क्षेत्र के भीतर असामाजिक गतिविधियां बड़े पैमाने पर संचालित हो रही है।

### दिए हैं आदेश

थाना प्रभारी रविशंकर डहरिया, प्रधान आरक्षक राजेश्वर बोगा को निलंबित करने का एसपी को निर्देश दिया गया है।

**- अभिषेक शांडिल्य,** आईजी राजनांदगांव रेंज

# कांकेतरा में जुआ की सज रही फड़, तीन जिलों से जुट रहे कई जुआरी

**राजनांदगांव।** शहर से महज दस किलोमीटर दूर स्थित कांकेतरा ग्राम पिछले कुछ दिनों से जुआरियों का अड्डा बन गया है। गांव के एक युवक के साथ मिलकर तीन लोग फड़ का संचालन कर रहे हैं। खास बात यह है कि इसमें राजनांदगांव सहित तीन जिलों से जुआरी पहुंच रहे हैं। इस फड़ में ही पिछले दिनों दो लोगों के बीच विवाद की भी खबरें सामने आई थी, लेकिन इसके बावजूद पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। ग्रामीणों में भी इस फड़ को लेकर नाराजगी देखने को मिल रही है।



# बिना अनुमति लाखों के बांस काटने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

उपवन मंडल अंतर्गत उत्तर बोरतलाव परिक्षेत्र के खुर्सीपार खुर्द में बिना अनुमति के बांस कूप काटने का मामला प्रकाश में आया है। विभागीय कूप कटाई की अनुमति खुर्सीपार कूप के 312,387 की मिली है जबकि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने कूप क्रमांक 403 में बिना अनुमति के कटाई कर लाखों के बांस की निकासी करा दिया है।

ग्रामीणों से उक्ताशय की शिकायत मिलने के बाद मौके पर पहुंची हरिभूमि टीम को मौके पर मौजूद मजदूरों ने बताया कि अधिकारियों के आदेश पर उक्त कूप की कटाई किया गया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि वनपाल, फारेस्ट गार्ड, चौकीदार एवं अन्य कर्मचारी उन्हे काम पर रखने के बजाये अपने रिश्तेदारों के नाम पर फर्जी हाजिरी भरकर आहरण कर रहे है। उन्होंने बताया कि विभाग के संरक्षण में जिन कूपों से बांस की अवैध कटाई किया जा रहा है वहां अब तक लगभग 10 लाख के बांस कटाई किया जा चुका है। वहीं आरडीएफ की राशि का बिगडे वनों को सुधारने, पहुंच मार्ग, चौकीदार एवं फायरवाउचर के नाम से भी फर्जी हाजरी लगा कर दुरूपयोग किया जा रहा है। इसी प्रकार फैसिंग के नाम पर भी जमकर गड़बड़ी किया गया है।

### जांच की जाएगी

डीएफओ आयुष जैन ने बताया कि कुछ कूप की कटाई स्वीकृति के आधार पर हो रही है। अन्य कूप में कटाई किया जा रहा है तो छानबीन किया जाएगा। गड़बड़ी पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।



### हरे भरे वृक्षों की कटाई

जानकारी के अनुसार विभाग के अधिकारी सरकारी कटाई की आड़ में बांस के अलावा हरे भरे वृक्षो की कटाई करने में लगे हैं। बताया जाता है कि हाल ही में डीएफओ आयुष जैन कूप कटाई के पहले गड़बड़ी को देखते हुए दो अधिकारियों को निलंबित करने का आदेश दिये थे किन्तु राजनितिक दबाव उन्हे छूट दे दी गई जो चर्चा का विषय है।

समदा
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त



दंत रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
डॉ. दीपिका जैन
बी.डी.एस., एम.डी.एस.
(आर्थोडॉटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)
एफ.सी.सी.डी. (मुंबई)
प्रतिदिन उपलब्ध



उपलब्ध सुविधाएं
- सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
- टेढ़े-मेढ़े एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल/सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
- ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
- लेजर/दांत के रंग की फिलिंग
- क्लीयर अलाईनर
- दांत निकालना
- अक्ल दाढ़ निकालना
- फ्रैक्चर जबड़े का ईलाज
- मुंह कम खुलने का उपचार
- इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
- सभी प्रकार के मुंह के कैंसर एवं छाले का उपचार
- बत्तीसी (फिक्सड/निकालने एवं लगाने वाली)
- पायरिया, दांतों की सफाई एवं मसूड़ों की सर्जरी

- डिजिटल एक्स-रे
- एडवांस्ड डेंटल ऑपरेशन थिएटर
- डेंटल लेज़र, डेंटल इम्प्लांट
- फेशियल ट्रामा केयर

अपॉईटमेंट : 07744-356654, 94255-29769
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY
(PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द
- सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा

हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS),
FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### अनुराग तिवारी 92.2 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त की



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय स्वामी करपात्री हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल कवर्धा के कक्षा 11वीं के अध्ययनरत छात्र अनुराग तिवारी पिता रामलोचन तिवारी रबेली (कथा वाचक) ने विद्यालय में 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल की। वहीं उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय, ग्राम, व माता-पिता का नाम गौरवाविंत किया है। जिससे छात्र अनुराग तिवारी को ब्राम्हण समाज सचिव सुरेश शर्मा एवं ब्राम्हण समाज ने उन्हें बधाई देते हुए उनकी उज्वल भविष्य की कामना की गई।

### श्रेया तम्बोली ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किया



**हरिभूमि पिपरिया।** मां कर्मा विद्यालय की छात्रा श्रेया तम्बोली ने कक्षा में प्रथम स्थान के साथ 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। वहीं माता- पिता श्रीमती पूजा सुकदेव तम्बोली का नाम व नगर को गौरान्वित किया है, जिस पर उनके विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं व ईष्ट मित्रो तथा परिवारजनो ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का भव्य आयोजन

**हरिभूमि कवर्धा।** ग्राम उड़िया खुर्द में 1 मई से 9 मई तक नौ दिवसीय संगीतयम श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा वाचिका के रूप में पूज्या प्रज्ञा दीदी की मुखार बिंदु से ग्रामीणों व भक्तजनों को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है। वहीं आसपास क्षेत्र के ग्रामीण व भक्तजन कथा रसपान करने भारी संख्या में पहुंच रही है। जिससे ग्राम उड़िया सहित आसपास क्षेत्र में भारी भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।

वहीं श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस वामन अवतार व रामचरित्र तथा श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई गई। यह संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन पूर्व सरपंच, जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो मनोज वैष्णव के निज निवास में आयोजित किया जा रहा है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

अ/ 2, वर्ष-2024-25
ई कोर्ट नम्बर........................................
क्रमांक/962/अ.वि.अ./ प्रवा-2/2025
कवर्धा दिनांक 24/04/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं नगरवासीगण कवर्धा को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका लीना लांझी पति राम चरण लांझी, निवास का पताः- वार्ड नंबर 04 रविदास नगर कवर्धा, तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ ने अपने निजी स्वामित्व की ग्राम कवर्धा प.ह.न.-13 रा.नि.म. कवर्धा, तहसील कवर्धा स्थित भूमि खसरा नम्बर 15/48 रकबा 0.0140 हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जानें हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

उक्त आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने से जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा /आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 08/05/2025 को समय 05.30 बजे तक स्वतः या अपनें अभिभाषक के माध्यम से कर सकते है। पश्चात के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी।
जारी दिनांक - 24.04.2025
पेशी तिथि - 08.05.2025

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कवर्धा जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़**

**// ईश्तहार //**

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत पाण्डातराई, जिला कबीरधाम छ.ग. अंतर्गत भूमि/ मकान नामांतरण हेतु आवेदकों द्वारा निम्नानुसार आवेदन प्रस्तुत किया गया है :-

4. विकाश गुप्ता पिता स्व. पन्ना गुप्ता निवासी वार्ड क्रमांक 09 नगर पंचायत पाण्डातराई द्वारा खसरा नम्बर 822/2ट रकबा (20X10 फीट) 200 वर्गफीट भूमि/ मकान/ दुकान का पंजीयन उपरांत नामांतरण।
5. साफिर खान पिता सफर खान निवासी वार्ड क्रमांक 13 नगर पंचायत पाण्डातराई खसरा नम्बर 869/155 रकबा (100x30 फीट) 3000 वर्गफीट भूमि/ मकान /दुकान का पंजीयन उपरांत नामांतरण।
6. शीतल पाटस्कर पिता स्व बिहार पाटस्कर, पाण्डातराई, वार्ड क्रमांक 05 स्थित आवासीय पक्का मकान रकबा भू-तल एवं कुल 119 वर्गफीट का आपसी सहमति उपरांत नामांतरण।

उपरोक्त नामांतरण प्रकरण अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित भूमि के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 14/05/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही होगी यह शुन्य माना जायेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत पाण्डातराई जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

## ग्राम पंचायत चिमरा में विकास कार्यों का किया गया भूमिपूजन

# डिप्टी सीएम की पहल से ग्रामीण क्षेत्रों को मिली विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा विधानसभा में निरंतर हो रहे विकास कार्यों की कड़ी में सोमवार को जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिमरा में दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर इन कार्यों को मंजूरी मिली है, जिनमें 10 लाख रुपए की लागत से पुलिया निर्माण एवं 3 लाख 90 हजार रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण शामिल है। भूमिपूजन कार्यक्रम विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर नीतेश अग्रवाल, जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। नीतेश अग्रवाल ने कहा कि ग्राम चिमरा में पुलिया और सीसी रोड़ का निर्माण होने से न केवल आवागमन को सरल बनाएगा, बल्कि वर्षा ऋतु में होने वाली समस्याओं से भी राहत दिलाएगा। यह विकास उपमुख्यमंत्री की दूर दृष्टि और जनभावनाओं के प्रति संवेदनशीलता का परिणाम है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में और भी कई विकास योजनाओं का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा, जिससे ग्रामीण इलाकों को बुनियादी सुविधाएं बेहतर रूप में प्राप्त होंगी।

### विकास कार्यों के भूमिपूजन से ग्रामवासियों में उत्साह



उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से प्राप्त जन मांगों के आधार पर कई घोषणाएं की गई थीं। उन्हीं घोषणाओं के अंतर्गत ग्राम पंचायत चिमरा में यह कार्य स्वीकृत किए गए हैं। श्री शर्मा की जनभागीदारी आधारित कार्यशैली के चलते कवर्धा विधानसभा में विकास की रफ्तार तेज हुई है। विकास कार्यों के भूमिपूजन से ग्राम चिमरा के नागरिकों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि इन विकास कार्यों से आवागमन में सुधार होगा और जीवन स्तर भी बेहतर होगा। यह भूमिपूजन न केवल विकास की एक नई शुरुआत है, बल्कि उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा में चल रहे समावेशी और ग्रामीण उन्मुख विकास का सशक्त प्रमाण भी है। शासन और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका से क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिल रही है।



# डे-नॉइट फाइनल प्रतियोगिता में पलानसरी टीम ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

ग्राम पर्थरी में डे-नॉइट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष पंडरिया छत्र किशोर सानू तिवारी व विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर फाइनल मैच का शुभारंभ किया गया। जिसमें फाइनल मुकाबला ग्राम पर्थरी व पलानसरी टीम के बीच खेला गया। जिसमें ग्राम पलानसरी टीम द्वारा शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले अपने नाम कर प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं ग्राम पर्थरी टीम द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिस पर विजयी टीम को मुख्य अतिथि द्वारा शील्ड एवं प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ मुख्य अतिथि ने उद्बोधन में कहा कि आने वाले समय पर युवाओं के लिए हर तरह से प्रयास किया जाएगा ताकि ग्रामीण क्षेत्र में भी बड़े से बड़े मैच प्रतियोगिता का आयोजन किया जा सकें। इस दौरान बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## बिजली कटौती, पेयजय समस्या से जूझ रहे ग्रामवासी



**हरिभूमि बरबसपुर।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में तेज-गर्मी से आमजन परेशान हैं। वहीं पिछले चार-पांच दिनों से तेज-आंधी-तुफान के चलते बिजली कटौती से आम नागरिको को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी में बिजली कटौती होने से पंखे, कूलर, एसी बंद है। गर्मी के कारण बच्चे बुजुर्ग व्यक्तियों का हाल-बेहाल है। जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम नाऊडीह में रहवासियों को बिजली व पेयजल के लिए भारी मसक्कत व दौड़ धूप तथा इधर-उधर भटकने मजबूर है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार रहवासी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पानी लाकर गुजर-बसर करने मजबूर हैं, वहीं ग्रामीणों को निस्तारी के लिए दूर-दराज के तालाब में जाना पड़ रहा है। मौसम आई बदलाव व तेज-आंधी-तुफान व बिजली कटौती से ग्रामीणों को भारी समस्या हो रही है। वहीं दोपहर में बिजली कटौती से लोग बेचैन है, शहर व क्षेत्र में पिछले कई दिनों से बिजली आने के बाद भी बार-बार ट्रिपिंग होने से इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान, कम्प्यूटर, मोबाइल, फोटोकॉपी सहित कई दुकानदारों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण खराब भी हो रहे है। साथ ही साथ पेयजल के लिए ग्रामीणों को परेशानी उठाना पड़ रहा है।

# श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ कथा का आयोजन

- श्रीलक्ष्मी-नारायण यज्ञ स्थल में उमड़ रही भक्तों की भारी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा



धर्म नगरीय कुण्डा में श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ कथा का आयोजन 30 अप्रैल से 8 मई तक आयोजित की जा रही है। जिसमें मां महामाया बोल बम समिति कुण्डा, प्रभात फेरी मण्डली, ग्राम पंचायत कुण्डा व समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासियो के सहयोग से श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। वहीं श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ कथा यज्ञ में आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों व श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है साथ ही महायज्ञ की विधि विधान से पूजा अर्चना व परिक्रमा कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे है। यज्ञाचार्य पं बालकृष्ण शर्मा (ज्योतिषी) कुण्डा, उपाचार्य पं आचार्य अंकित शर्मा के श्रीमुंख से कथा रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे है। इस महायज्ञ मंत मुख्य यजमान पं अश्वनी शर्मा विराजमान है। वहीं प्रतिदिन रात्रिकालीन मानस मण्डली द्वारा रामायण-गायन एवं बरई-दहरा जिला मुंगेली द्वारा श्रीरामलीला का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है। जिसमें आसपास क्षेत्र के ग्रामीण व क्षेत्रवासी गण भारी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दे रहे है।

# क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ प्रान्त की योजना बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विधानसभा रोड स्थित लेवल 3 होटल में क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ प्रान्त की योजना बैठक संपन्न हुई, जिसमे 23 जिलो से 65 लोग उपस्थित हुए। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रान्त एवं महाकौशल प्रान्त प्रभारी कौशलेन्द्र पटेल ने विषय लिया, जिसमें 2 महत्वपूर्ण विषय विषयों जिसमें आने वाले भविष्य में आने वाले समय के लिए खेल नीति को लेकर महत्वपूर्ण कार्य करना व आने वाले समय मे 2036 में भारत मे होने वाले ओलंपिक खेलों में कबड्डी को शामिल करवाने पर कार्य करना जैसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रयास है। अन्य विषयों में खेल संवाद का आयोजन विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजन करना। इस महत्वपूर्ण बैठक में क्रीड़ा भारती में कार्यकर्ताओं को नए दायित्व दिया गया, जिसमें जसविंदर बग्गा को प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मिनाल चौबे को कार्यकारिणी सदस्य, अंतर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी अजयदीप सारंग को प्रान्त क्रीड़ा केंद्र प्रमुख का दायित्व दिया गया। छत्तीसगढ़ क्रीड़ा भारती उपाध्यक्ष सुश्री नीता डूमरे द्वारा पंच परिवर्तन के बारे में जानकारी दी गई। प्रान्त मंत्री सुमित उपाध्याय द्वारा क्रीड़ा भारती में मातृ शक्ति प्रमुख सभी जिलों में बनने के बारे में संपर्क विभाग के संबंध में दिव्यांगों के साथ कार्य करना, क्रीड़ा केंद्र प्रमुख एवं क्रीड़ा आयाम के बारे में एवं छत्तीसगढ़ में क्रीड़ा भारती के सदस्यता अभियान करने से संबंधित जानकारी दी गई। क्रीड़ा भारती द्वारा छत्तीसगढ़ प्रान्त में भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं क्रीड़ा भारती के स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न जिलों में हुए कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रसाद महानकर का तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास 19, 20 व 21 जून को रहेगा एवं 14 सितंबर को क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

## सारंगपुर कला स्कूल का 5 वर्षो से परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा



**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत सारंगपुर कला का शासकीय हायर सेकेंण्डरी स्कूल का विगत 05 वर्षो से परीक्षा परिणाम 94 से 100 प्रतिशत रहा है। शिक्षा सत्र 2022-23 में विद्यालय के छात्र आनंद कुमार आडिले नें छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी 12 वीं बोर्ड की प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त कर पूरे प्रदेश में विद्यालय का पहचान बना दिया। सत्र 2022-23 में ही खेल के क्षेत्र में विद्यालय पीछे नहीं रहा, इस विद्यालय की छात्रा रीना मिरज नें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बांग्लादेश में आयोजित टारगेट बाल प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया जो किसी सपने से कम नहीं है। हर आदमी का सपना बड़े से बड़े अचीवमेंट प्राप्त करना होता है उसके लिए यह विद्यालय विद्यार्थियों के लिए उसी तरह का अवसर उपलब्ध कराता है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि रीना छात्रा रीना मिरज के पिता व भैया उसे विदेश नहीं भेजना चाहते थे। वे बेटी की सुरक्षा को लेकर चिंतित थे उस वक्त सभी शिक्षकों ने उनके पालकों को समझाया कि बेटी की बड़ी उपलब्धि के लिए रोकें नहीं बल्कि सहयोग करें। तब उनके पालक भेजने को तैयार हुए और छात्रा ने इस बड़ी उपलब्धि हासिल की। वहीं छात्र आनंद कुमार आडिले अपना अनुभव बताते हैं कि इस विद्यालय में छुट्टी के दिनों में एक्सट्रा क्लास लगता है। प्रतिदिन आधा घंटा अतिरिक्त पढ़ाई होती है, प्रभारी प्राचार्य द्वारा प्रतिदिन कुछ पालकों से सुबह 4.30 बजे मोबाईल फोन से विद्यार्थियों की पढ़ाई की जानकारी लिया जाता है। टॉपर बच्चों को अलग से होमवर्क देना, कमजोर बच्चों को अलग से होमवर्क देना, होमवर्क का नियमित जांच करना, नियमित खेल अभ्यास कराना, नियमित 1 घंटा लेखन अभ्यास करवाना, प्रार्थना सभा में किसी भी विद्यार्थी को बुलाकर याद किए हुए विषयवस्तु का वाचन करवाना। ग्रुप ए, ग्रुप बी व ग्रुप सी के विद्यार्थियों को एक टेबल पर एक साथ बिठाना तथा ए ग्रेड के विद्यार्थियों को कहना कि इन दोनों का हर पल ध्यान रखना। प्रतिदिन प्रार्थना में विभिन्न गतिविधियों जैसे खेल, गीत, कविता वचन, रंगोली, चित्रकला, मॉडल, महापुरुष का फोटों बनाकर लाने पर, कागज में चित्र बनाकर लाने पर, एकल व सामूहिक नृत्य प्रदर्शन करने पर, विभिन्न पर्व व जयंतियों में कार्यक्रम देने पा पेन कॉपी या नगद पुरस्कार प्राचार्य द्वारा दिया जाता है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम निजी स्कूलों को मात दे रहा है जिसके कारण दूर-दूर आवास के पालकों के बच्चे यहां प्रवेश लेते हैं व बेहतर अनुशासन व शांतिपूर्ण वातावरण में पढ़ाई करके अपना जीवन सुनहरा कर रहे हैं, इन सब में विद्यालय के सभी शिक्षकों का योगदान है।

# जिले में अपराध नियंत्रण व तकनीकी दक्षता के लिए मासिक क्राइम मीटिंग आयोजित

## सभी शाखा-थाना-चौकी प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सोमवार को पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मीटिंग हॉल में मासिक क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना-चौकी प्रभारियों, रक्षित निरीक्षक, साइबर सेल प्रभारी, यातायात प्रभारी, शाखा प्रभारियों एवं समस्त पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

बैठक का उद्देश्य जिले में लंबित अपराधों की समीक्षा, तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग, सीसीटीएनसी डाटा अपलोडिंग की प्रगति तथा पुलिस बल की दक्षता बढ़ाने हेतु ठोस रणनीति तैयार करना था। बैठक में 60 से 90 दिवस से अधिक समय से लंबित अपराधों की थानेवार समीक्षा की गई, जिसमें अपराध क्रमांक, धारा, कायमी तिथि, आरोपी की जानकारी, विवेचक की प्रगति एवं अंतिम कार्यवाही को लेकर बिंदुवार चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश देते हुए अनावश्यक विलंब वाले मामलों में उत्तरदायित्व तय करने की बात कही।

### अवैध गतिविधियों पर सख्ती व उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहन नीति

बैठक में पुलिस बल की तकनीकी दक्षता एवं क्षमतावृद्धि पर भी विशेष जोर दिया गया। थाना प्रभारियों एवं विवेचकों को निर्देशित किया गया कि वे स्वयं तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करें एवं अधीनस्थ स्टाफ को भी प्रशिक्षित करें, जिसके लिए व्यक्तिगत एवं समूह प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जिले में अवैध शराब बिक्री, अवैध गांजा परिवहन तथा अन्य नशीले पदार्थो के व्यापार पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र में नियमित गश्त, मुखबिर तंत्र की सक्रियता तथा ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। यातायात के बढ़ते दबाव को देखते हुए प्रमुख चौराहों व मार्गो पर प्रभावी ट्रैफिक व्यवस्था, चालान, जन जागरूकता कार्यक्रम एवं सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों का समय पर उत्तर भेजे जाने, कार्यालयीन जवाबदेही में विलंब न होने तथा फाइलों के त्वरित निपटारे हेतु सभी शाखा-थाना-चौकी प्रभारियों को कड़ाई से निर्देशित किया गया। एसपी श्री सिंह द्वारा बैठक में उस थाने एवं शाखा के कार्यों की सराहना की गई, जिन्होंने विगत माह में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन करते हुए अपराध नियंत्रण, विवेचना की गुणवत्ता, तकनीकी संसाधनों के समुचित उपयोग एवं प्रशासनिक कार्यों में अनुकरणीय भूमिका निभाई। ऐसे थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे अन्य अधिकारी भी प्रेरित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन और अधिक कुशलतापूर्वक करें।

### पारदर्शिता, समयबद्धता और उत्तरदायित्वपूर्ण कार्यशैली पर विशेष जोर

बैठक के समापन पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधों की विवेचना में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं तकनीकी दक्षता समय की मांग है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तकनीक का समुचित उपयोग न केवल अपराध नियंत्रण में सहायक है, बल्कि इससे न्यायिक प्रक्रिया भी अधिक सशक्त व त्वरित होती है। अतः सभी अधिकारियों को निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए उत्तरदायित्वपूर्वक कार्य निष्पादन सुनिश्चित करे। इस दौरान जिले के समस्त थाना-चौकी व शाखा प्रभारी उपस्थित थें।

HEALTH TOWN

k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**समस्या: अब 8 मई को निकाला गया तेंदूपत्ता तोड़ाई का मुहूर्त**

# जिले में मौसम की मार के चलते पिछड़ी तेंदूपत्ता की तोड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले सहित पंडरिया क्षेत्र में इन दिनों लगातार हो रही बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और आंधी तूफान की मार इस बार वनांचल के ग्रामीणों के लिए ग्रीन गोल्ड कहे जाने वाले तेंदूपत्ता पर भी पड़ती दिखाई दे रही है। बताया जा रहा है कि मौसम की ही बेरूखी के कारण इस बार 1 मई से प्रारंभ होने वाली तेंदूपत्ता की तोड़ाई अब तक शुरू नहीं हो पाई है। अब विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र की सभी चारों समितियों ने 8 मई से तेंदूपत्ता तोड़ाई का मुहुर्त निकाला है लेकिन देखने वाली बात होगी कि क्या इस तिथि में भी मौसम साथ दे पाता है। उल्लेखनीय है कि वनांचल में मुख्य रूप से बीड़ी बनाने के काम में आने वाला तेंदूपत्ता अप्रैल माह के अंत तक तैयार हो जाता है और अमूमन मजदूर दिवस यानी 1 मई से इसकी तोड़ाई भी समितियों द्वारा संग्राहकों के माध्यम से शुरू करा दी जाती है। गौरतलब है कि कबीरधाम जिले का विकासखण्ड पंडरिया, बोड़ला, स. लोहारा तथा कवर्धा की 19 लघु वनोपज समितियों में अच्छी क्वालिटी का प्रचुर मात्रा में तेंदूपत्ता का उत्पाद होता है जिसकी मांग देश के कई बीड़ी उत्पादन करने वाले राज्यों में होती है। ग्रीन गोल्ड कही जाने वाली इस कीमती वनोपज से जहां शासन को करोड़ों के राजस्व की प्राप्ति होती है वहीं जिले के वनवासियों के लिए भी यह आय का एक प्रमुख स्त्रोत है। यहां बताना लाजिमी होगा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद तो तेंदपपत्ता के समर्थन मूल्य में भी अच्छी खासी वृष्टि कर दी गई है और अब तेदूपत्ता संग्राहकों को प्रति मानक बोरा यानी एक हजार तेंदूपत्ता के एवज में 5500 रूपए की राशि दी जाती है जबकि पूर्व में इसका समर्थन मूल्य 4000 रूपए प्रति मानक बोरा निर्धारित था। यही वजह है कि इस बार संग्राहकों में तेंदूपत्ता को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है और वे तेंदूपत्ता तोड़ाई के प्रारंभ होने का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि मौसम इन संग्राहकों का साथ नहीं दे रहा है। जिससे न सिर्फ तेंदूपत्ता की तोड़ाई में देरी हो रही है बल्कि इसके उत्पादन में भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।



### बूटा कटाई पर भी नहीं दिया गया समुचित ध्यान

पंडरिया क्षेत्र की लघुवनोपज समितियों की माने तो इस बार तेंदूपत्ता की बूटा कटाई पर भी समुचित ध्यान नहीं दिया गया। जिसका भी उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। यहां बताला लाजिमी होगा कि बूटा कटाई का कार्य समितियों व वन विभाग की निगरानी में तेंदूपत्ता संग्राहकों को ही करना होता है लेकिन संग्राहकों ने व विभाग ने इस पर अपेक्षा के अनुरूप रूचि नहीं दिखाई

### तेंदूपत्ता के उत्पादन पर पड़ा विपरीत प्रभाव

पंडरिया क्षेत्र की लघु वनोपज सेवा सहकारी समितियों के साथ तेदूपत्ता संग्राहकों की माने तो इस बार अप्रैल के बाद मई माह में लगातार हो रही बेमौसम बारिश, ओला वृष्टि तथा आंधी तूफान का बेजा असर तेंदूपत्ता के उत्पादन पर भी पड़ है। उन्होने बताया कि बेमौसम बारिश से जहां तेदूपत्ता में दाने आ गए हैं वहीं ओला वृष्टि से तेंदूपत्ता फट चुके है वहीं तेज आंधी तूफान से पेड़ों के तने टूट गए हैं, जिसका विपरीत प्रभाव उत्पादन पर साफ दिखाई दे रहा है। माना जा रहा है कि मौसम की इस मार से जहां सरकार को राजस्व का नुकसान होगा वहीं संग्राहकों को भी अपेक्षा के अनुरूप कमाई नहीं हो पाएगी और और उन्हें तेंदूपत्ता जुटाने के लिए काफी मसक्कत करनी पड़ेगी।

# 45 पौवा अवैध शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

■ मुखबिर की सूचना पर आबकारी विभाग ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

आबकारी विभाग ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अवैध शराब की तस्करी बेंचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विभाग ने आरोपी के पास से 45 पाव कुल 8.1 बल्क लीटर मध्य प्रदेश निर्मित देशी प्लेन मदिरा जप्त की है। जिसका बाजार मूल्य 3600 रुपए आंका गया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध शराब के खिलाफ अभियान के तहत आयुक्त श्याम लाल धावड़े एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार तथा उपायुक्त आबकारी अनिमेष नेताम व जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विक्रय/ धारण के विरूद्ध 5 मई को आबकारी वृत्त बोड़ला के अंतर्गत ग्राम महलीघाट में गश्त के दौरान अवैध शराब विक्रय एवं धारण की आकस्मिक मुखबिर सूचना पर छतरू मरकाम पिता पचलू मरकाम के निवास पर दबिश दी गई। विधिवत तलाशी लेने पर आरोपी के मकान से कुल 45 नग पाव मध्य प्रदेश निर्मित देशी मदिरा प्लेन की भरी हुई सीलबंद प्लास्टिक शीशीयां कार्टून पेटी में बरामद की गई। मदिरा को मौके पर जप्त किया गया एवं आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम वर्ष 1915 यथा संशोधित की धारा 34(1)क, 34(2), 36, 59(क) के तहत प्रकरण कायम कर जेल दाखिल कर न्यायिक रिमांड में लिया गया। इस कार्यवाही में आबकारी वृत्त बोड़ला प्रभारी अभिनव कुमार रायजादा के नेतृत्व में वृत्त कवर्धा प्रभारी गीता साहू, वृत्त पंडरिया प्रभारी अभिनव आनंद बख्शी, वृत्त लोहारा प्रभारी रामानंद दीवान एवं आबकारी मुख्य आरक्षक जगदीश सिंह उईके, आरक्षक कमल मेश्राम, इम्तियाज खान, वाहन चालक डायमंड साहू का विशेष योगदान रहा।



## कच्चा आम बाजार...



कवर्धा। नगर के बाजार में पहुंचने लगी आचार के लिए कच्चे आम की खेप।

## खबर संक्षेप

### भलपहरी में भागवत महापुराण का शुभारंभ

**बोड़ला।** ग्राम भलपहरी के दैहान चौक में सोमवार 5 मई से श्री लक्ष्मीनारायण पंच कुंडीय महायज्ञ व भागवत महापुराण कथा का भव्य शुभारंभ किया गया। इसका समापन 15 मई गुरूवार को किया जाएगा। इस धार्मिक अनुष्ठान के शुभारंभ अवसर पर सोमवार को शोभा यात्रा निकाली गई। वहीं 6 मई मंगलवार को वास्तु पूजन, 7 मई बुधवार को अग्नि मंथन, हवन प्रारंभहोगा। 8 मई गुरूवार को श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ की जाएगी। 9 से 11 मई तक हवन पूजा व कथा, 15 मई गुरूवार को चढ़ोत्री, दान दक्षिणा, विशाल भंडारा व विश्राम दिवस होगा। इस बीच 10 मई को स्वर सम्राट पं. शिवकुमार तिवारी का रात्रिकालीन जगराता कार्यक्रम होगा। इस धार्मिक कार्यक्रम के व्यासपीठ (कथा वाचक) पं. भोलेश्वर शास्त्री मौजूद रहेंगे।

### छात्रवृत्ति के लिए 7 मई से शुरू होगा नया पोर्टल

**कवर्धा।** आदिम जाति विकास विभाग छात्रवृत्ति पोर्टल 7 मई से खोलने जा रहा है। अब छात्र-छात्राओं को फॉर्म भरते ही छात्रवृत्ति मिलने लगेगी। नवीनीकरण वाले छात्र-छात्राएं 7 मई से आवेदन करेंगे, उन्हें 15 जून के भीतर ही छात्रवृत्ति की पहली किस्त मिल जाएगी। जून-जुलाई में फार्म भरने वालो को अक्टूबर में और नवीन छात्र जो अगस्त-सितंबर में फॉर्म भरेंगे, उन्हें नवंबर-दिसंबर में ही छात्रवृत्ति मिलना शुरू हो जाएगी। इस नवीन व्यवस्था से विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।

# अब जिले के इन कलस्टर में शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सुशासन तिहार के अंतर्गत 6 मई को ग्राम पंचायत दलदली, कुई एवं दानीघठोली, 7 मई को मई ग्राम पंचायत धमकी एवं सरइसेत, 8 मई को ग्राम पंचायत मजगांव एवं नगर पंचायत पिपरिया।

9 मई को ग्राम पंचायत बाजार चारभाठा एवं देवसरा 10 मई को ग्राम पंचायत पनेका, 13 मई को ग्राम पंचायत रेंगाखार कला, उड़ियाकला, सोमनापुर नया एवं नगर पंचायत सहसपुर लोहारा में आयोजित होगा। 14 मई को ग्राम पंचायत भागुटोला 15 मई को ग्राम पंचायत खारा, मोहतरा खुर्द एवं नगर पंचायत बोड़ला, 16 मई को ग्राम पंचायत गुढ़ा एवं बिडोरा, 17 मई को ग्राम पंचायत बैजलपुर एवं डोमसरा, 19 मई को ग्राम पंचायत बारदी, सिंघनपुरी जंगल एवं नगर पंचायत इंदौरी में आयोजित होगा।

20 मई को ग्राम पंचायत रैतापारा 21 मई को ग्राम पंचायत रवेली कुटकीपारा एवं नगर पंचायत पांडातराई। 22 मई को ग्राम पंचायत महराजपुर, हथमुडी एवं नगर पालिका पंडरिया, 23 मई को ग्राम पंचायत झलमला एवं नगर पालिका कवर्धा, 24 मई को ग्राम पंचायत कुसुमघटा, वीरेंद्रनगर एवं कोलेगांव, 26 मई को ग्राम पंचायत बिरकोना 27 मई को ग्राम पंचायत राजानवागांव, रणवीरपुर एवं प्राणखैरा, 28 मई को ग्राम पंचायत मरका, 29 मई को ग्राम पंचायत पोड़ी एवं 30 मई को ग्राम पंचायत दौजरी एवं सिंघनगढ़ क्लस्टर में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक आयोजित, कई विषयों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक गत 4 मई को ग्राम ढोठमा नयापारा में आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी तथा किसान उपस्थित थे।

बैठक में मुख्य रूप से किसानो की विभिन्न समस्याओं एवं किसानों के मूलभूत अधिकारों व प्रदेश स्तरीय जैविक अधिवेशन के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही संघ पदाधिकारियों ने आने वाले समय में किसानो की समस्याओं व मांगों को लेकर आने वाले समय में प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे जाने को लेकर भी चर्चा की। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश प्रचार प्रमुख संजय साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य अरविंद शर्मा, तहसील अध्यक्ष मूलचंद साहू, उपाध्यक्ष शिव कुमार वर्मा, ईश्वर दास वैष्णव, परस वर्मा, प्रहलाद पटेल, बदरू पटेल, मिथलेश मरकाम, सहदेव साहू, कन्हैया जयसवाल, भगवती साहू, मूर्ति साहू, देवनारायण वर्मा, लोकनाथ साहू, गोवर्धन मेरावी, जगनू साहू, मोहन बिहारी मेंरावी, सुंदर लाल, बनवाली राम, यीमेश मेरावी, लालाराम, गंगा राम, बजरहा, संतराम मरकाम, तहसील मंत्री विजय साहू सहित ग्रामीण ईकाई ढोठमा नयापारा के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# माकरी में बरगद पेड़ पर अधेड़ ने लगायी फांसी संदिग्ध अवस्था में मिला शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

जिले के कुण्डा थाना क्षेत्र के ग्राम माकरी में सोमवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब स्थानीय ग्रामीणों ने माकरी-दामापुर मार्ग में सड़क किनारे लगे बरगद पेड़ में संदिग्ध अवस्था में एक अज्ञात व्यक्ति का शव फांसी के फंदे में झूलता देखा। हक्के बक्के ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना कुण्डा पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव फांसी के फंदे से नीचे उतारकर बरामद कर लिया है वहीं पंचनामा पश्चात मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया है। लेकिन अभी तक मृतक की पहचान नहीं की जा सकती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह ग्राम माकरी के ग्रामीण रोज की तरह अपने घरों से कामकाज के लिए निकले ही थे कि उनकी नजर ग्राम माकरी-दामापुर मार्ग के किनारे लगे बरगद पेड़ में फांसी के फंदे में झूल रही एक अज्ञात ग्रामीण के शव पर पड़ गई। हिम्मत जुटाकर शव के पास गए ग्रामीणों ने मृतक की पहचान करने का प्रयास किया लेकिन वे मृतक की पहचान नहीं कर पाए और उन्होंने इसकी जानकारी तत्काल कुण्डा पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर मृतक का शव बरामद कर लिया। वहीं पंचनामा पश्चात मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। इस संबंध में पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों से पूछताछ भी की लेकिन ग्रामीणों ने कहा कि न तो मृतक ग्राम माकरी का है और न ही आसपास के किसी गांव का है, वह यहां कैसे पहुंचा इस बात की जानकारी भी ग्रामीणों को नहीं है उन्होंने पहली बार इस व्यक्ति मृत अवस्था में ही यहां देखा है। दूसरी तरफ जांच में जुटी कुण्डा पुलिस के मुताबिक मृतक के शरीर में किसी प्रकार के कोई चोट के निशान नहीं पाए गए है और न ही मृतक के पास उसकी पहचान से संबंधित कोई दस्तावेज मिले हैं। ऐसे में पुलिस अब उसकी पहचान कराने में जुटी है। शव की पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### अज्ञात ग्रामीण की मौत संदिग्ध

घटना स्थल की स्थिति परिस्थिति को देखकर यह मामला संदिग्ध जान पड़ रहा है। हालांकि मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के कोई चोट के निशान मौजूद नहीं हैं लेकिन ग्रामीणों ने बताया कि मृत का फांसी पर लटका शव जमीन से महज कुछ ही ऊंचाई पर लटका पाया गया है। इसके अलावा बरगद के पेड़ की जिस डाल पर फांसी का फंदा कसा गया है वहां से गले में फांसी का फंदा बांधकर नीचे कूदना भी मुस्किल दिखाई देता है। ऐसे में यह पूरा मामला संदिग्ध जान पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मामले की सूक्ष्म जांचकर कार्यवाही की मांग की है।

**कलेक्टर गोपाल वर्मा स्वयं शिविर स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों से किया सीधा संवाद**

# चिल्फी और पोलमी में समाधान शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप शासन-प्रशासन अब आमजन की चौखट तक पहुंचकर समस्याओं का समाधान कर रहा है। सुशासन तिहार के अंतर्गत सोमवार को कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल ग्राम चिल्फी और पोलमी में समाधान शिविर का शुभारंभ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। कलेक्टर गोपाल वर्मा स्वयं शिविर स्थल पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद किया। शिविर का उद्देश्य जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्रामवासियों तक शासन की योजनाओं और सेवाओं को पहुंचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है। शिविर में उपस्थित विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को सुशासन तिहार में पूर्व में दिए गए आवेदनों के निराकरण की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया गया, जिससे उनकी आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को बेहतर तरीके से समझा जा सके। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आज कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल ग्राम चिल्फी से समाधान शिविर प्रारंभ किया गया है। चिल्फी क्लस्टर अंतर्गत बोक्करखार, शंभूपीपर, चिल्फी, राजाढार, लूप,



शिवानीकला, बहनाखोदरा, मुड़वाही, शीतलपानी एवं झलमला पंचायत के गांव शामिल है। इन गांवों से कुल 1408 आवेदन प्राप्त हुए है। सभी आवेदनों की जांच कर 1397 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर के दौरान आवेदकों को उनकी समस्याओं के समाधान की जानकारी प्रदान की गई और उनके आवेदन की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। चिल्फी क्लस्टर के दूर-दराज गांवों के नागरिकों ने राज्य सरकार की इस पहल को खुले दिल से स्वीकार किया और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार को धन्यवाद दिया। ग्रामवासियों ने यह भी साझा किया कि पहले उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए लंबा समय इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब सुशासन तिहार से उन्हें तत्काल मदद मिल रही है। ग्रामीणों ने इस कदम को एक बड़ी राहत और उनके जीवन में सुधार लाने वाला बताया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओं अजय त्रिपाठी सहित जिला अधिकारी उपतिस्थत थे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने समाधान शिविर में ग्रामीणों से आवेदन की स्थिति, समाधान की प्रक्रिया और योजनाओं के लाभ संबंधी जानकारी ली। कलेक्टर श्री वर्मा ने यह भी सुनिश्चित किया कि प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध और संतोषजनक समाधान हो, ताकि ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। शिविर के दौरान ग्रामीणों द्वारा सुशासन तिहार के पहले चरण में दिए गए आवेदन की जानकारी अधिकारियों द्वारा आवेदक को दिया गया। इन आवेदनों में शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, पेंशन, मजदूरी भुगतान, वनाधिकार, श्रम कार्ड, भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना जैसी कई योजनाओं से जुड़ी आवेदन थे।

# घर-घर पहुंचकर बनाया जा रहा श्रम कार्ड, आवेदकों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सुशासन तिहार के पहले चरण में जिला कबीरधाम में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए विभागीय टीमें घर-घर जाकर श्रमिकों से संपर्क कर रही हैं और उन्हें योजनाओं से जोड़ने का कार्य कर रही हैं।

श्रम विभाग द्वारा सुशासन तिहार के तहत प्राप्त श्रम कार्ड बनाने से संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इन आवेदनों के तहत विभागीय अधिकारी आवेदकों के घर तक पहुंचकर उनके श्रम कार्ड बनाने की प्रक्रिया को सुनिश्चित कर रहे हैं। जिला श्रम अधिकारी देवांगन ने बताया कि ग्राम अमरपुर (विकासखंड पण्डरिया), ग्राम बांधाटोला (विकासखंड सहसपुर लोहारा) एवं ग्राम विचारपुर (विकासखंड सहसपुर लोहारा) के निवासियों ने श्रम कार्ड बनाने की मांग की थी। इन आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विभागीय अधिकारियों ने आवेदकों के घर जाकर श्रम कार्ड बनाए और उन्हें विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की।

शासन अब आमजन के और भी करीब पहुंच गया है, जहां जनता को कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते, बल्कि शासन स्वयं उनके द्वार पर पहुंच रहा है। सुशासन तिहार की यह पहल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उस सोच को दर्शाती है, जिसमें हर नागरिक तक योजनाओं की पहुंच और लाभ को सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है।